


राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...

रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

# समय दर्शन

ESTD : Since 2011

संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर

निष्पक्ष निर्भीक ख़बरों के साथ




वर्ष 06, अंक 84 पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये रायपुर, मंगलवार 23 अप्रैल 2024 www.samaydarshan.in

# भारत तकनीकी और दवाओं सहित सभी क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बन चुका है - जेपी नड्डा

- प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार विकासवाद की नीति पर चल रही है
- कांग्रेस के घमंडिया गठबंधन दलों के सभी भ्रष्टाचारी एक साथ हैं, इन्हें उखाड़ फेंकना है
- इंडी गठबंधन दलों के अधिकांश नेता या तो जेल में हैं या बेल पर-जेपी नड्डा
- इंडी गठबंधन दलों के अधिकांश नेता या तो जेल में हैं या बेल पर-जेपी नड्डा



**रायपुर/भिलाई (समय दर्शन)।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि सबका साथ-सबका विश्वास-सबका विश्वास के मूल मंत्र पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का लक्ष्य है कि 2029 तक भारत को विश्व की तीसरी अर्थवव्यवस्था बनाना है और 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने का संकल्प लिया है। इसी अवधारणा को लेकर भारत आज विकास के हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसके साथ ही जो सामाजिक विसंगतियां थी, उन्होंने दूर किया। श्री जेपी नड्डा जी ने कहा कहा तीन तलाक को समाप्त कर महिलाओं को न्याय देने का काम किया। पाकिस्तान, अफ्गानिस्तान, ईरान, इराक जैसे इस्लामिक देश में तीन तलाक का कानून नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा इसे हटाओ लेकिन कांग्रेस ने हिम्मत नहीं थी। मोदी जी ने अपने मजबूत इरादे से इसे समाप्त कराया। इस्लामिक देश में तीन तलाक नहीं है, आपके एक वोट ने तीन तलाक खत्म करा दिया।

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि बांग्लादेश, पाकिस्तान सहित जो दूसरे देशों से शरणार्थियों को अब भारत में नागरिकता का अधिकार मिल रहा है। पहले देश में जाति और धर्म के नाम राजनीति होती थी। लेकिन आज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी सरकार विकासवाद की नीति पर चल रही है। कांग्रेस के लोग पहले जाति देखते थे, पिछड़ा है कि अगड़ा है, पहाड़ी क्षेत्र का है कि मैदान का है। किस धर्म का हैं? भाई-भाई को लड़ाने का काम कांग्रेस ने किया। मोदी जी ने राजनीति की परिभाषा, तौर-तरीके बदल डाला। उन्होंने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास पर काम कर रही है। मोदी की सरकार ने युवाओं, महिलाओं, गरीबों, किसानों की सरकार है। मोदी जी ने कहा था, मेरी सरकार युवाओं, महिलाओं, गरीबों, किसान, है। आज पूरे देश में विकास हो रहा है। गांव एक दूसरे गांव से सड़कों के माध्यम से जुड़ गए हैं। गरीबों को मुफ्त चावल देने का काम अगर कोई किया तो वह प्रधानमंत्री ने किया। गरीब कल्याण योजना के तहत लाभ मिल रहा है। आज मोदी की योजना के चलते 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकल गए हैं।

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि आज पीएम आवास के तहत 4 करोड़ गरीबों को आवास दिए। पक्के मकान बनाकर मोदी की सरकार ने दिए है। अभी मोदी जी ने संकल्प पत्र में कहा कि 3 करोड़ और पक्के मकान देंगे। उज्जवला योजना के तहत गरीबों को 10 करोड़ बहनों को गैस कनेक्शन दे दिया गया। जलजीवन मिशन के तहत 11 करोड़ बहनों को कनेक्शन दिया गया, महिलाएं दूर दराज से पानी लाना होता। 36 करोड़ नल जल कनेक्शन दिए। आज लोगों को निशुल्क इलाज किया जा रहा है। आज 5 लाख रुपए आयुष्मान योजना का लाभ 55 करोड़ जनता को दिया जा रहा है। कहा-मोदी जी ने तय किया है कि भारत का कोई भी नागरिक जिसकी उम्र 70 साल से अधिक है, उसे भी 5 लाख रुपए का हेल्थ कवर मिलेगा। कहा कि 70 साल से अधिक बुजुर्गों का भी कार्यकर्ता फार्म भरवाएंगे।

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि भारत 10 वें नंबर से 5वीं अर्थव्यवस्था बन गया है। 2029 में भारत तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। और 2047 तक भारत को विकासित बनाने का संकल्प है । भारत तकनीकी और दवाओं सहित सभी क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बन चुका है। आज हम पूर्ववर्ती सरकारों की अपेक्षा कई गुना निर्यात के मामले में आगे हैं। भारत इलेक्ट्रानिक, दवाइओं में आज 138 गुना हमारा निर्यात बढ़ गया है। पहले आपके मोबाईल पर मेड इन चाइना लिखा होता था, आज मेड इन इंडिया लिखा होता है। भारत अब उत्पादन और निर्यात के क्षेत्र में आगे है। जिससे करोड़ों लोगों को रोजगार मिला है। आज दुनिया में आज हम दूसरे स्थान पर स्टील का उत्पादन कर रहे हैं। श्री जेपी नड्डा ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ में जो भी विकास कार्य हुए हैं। वह भाजपा की सरकारों की देन हैं। यहां नेशनल हाइवे और पांच मेडिकल कॉलेज केंद्र की मोदी सरकार की देन है। छत्तीसगढ़ में अमृत भारत मिशन के तहत 32 रेलवे स्टेशन सहित एयपोर्टों को विकसित किए जा रहे हैं।

# भूपेश के घोटालों की लंबी लिस्ट, संतोष हैं ईमानदार- साय

- शहर में चार सभाओं को मुख्यमंत्री साय ने किया संबोधित



**राजनांदगांव (समय दर्शन)।** हाईप्रोफाईल लोकसभा सीट में भाजपा ने पूरा जोर लगा दिया है। सांसद प्रत्याशी संतोष पांडेय की जीत सुनिश्चित करने दिग्गज लगातार सभाएं कर रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ की सभा के बाद सोमवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजनांदगांव शहर में लगातार 4 सभाएं की। शाम 5 बजे से उनकी सभा का दौर शुरु हुआ।

कांग्रेस प्रत्याशी और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उनके कार्यकाल को निशाने पर लेते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि राजनांदगांव से विद्वेष निभाते हुए उन्होंने यहां विकास नहीं होने दिए। उन्होंने बदले की राजनीति की। राजनांदगांव के सरकारी दफ्तरों को वे यहां से ले गए। कोयला, शराब, गोबर, डीएमएफजैसे कई कई घोटाले उनकी सरकार में हुए। महादेव एप के लिए उन्होंने 508 करोड़ रुपए लिए... महादेव का पावन नाम सट्टे से जोड़ दिया।

मुख्यमंत्री ने यहां नंदई, लखोली, चिखली और मोतीपुर में सभाओं को संबोधित किया। भाजपाई का काफिला मुख्यमंत्री के कारवा के आगे चलता रहा और नारों के साथ युवाओं ने भाजपा के लिए शक्ति प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री साय ने सभा के दौरान कहा कि ङ्क भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय ने संसदीय क्षेत्र के लिए काफी काम किया है। वे एक साफछवि के ईमानदार प्रत्याशी हैं। उन्होंने कहा कि ङ्क प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाया है। देश तेज गति से आगे बढ़ रहा है। इसे और गति देने के लिए मोदी सरकार को एक बार फिर चुनने की जरुरत है। इसके लिए संतोष पांडेय को विजयी बनाना है। उन्होंने कहा कि, भाजपा सरकार ने 100 दिनों के भीतर ही छत्तीसगढ़ में बड़े वायदे पूरे किए। किसानों को 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल का मूल्य मिला, 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से खरीदी हुई, महतारी वंदन योजना का प्रति माह एक हजार रुपए महिलाओं को मिलने लगा। उन्होंने कहा कि, हमने दो साल का बोनस भी किसानों को दिया। छग में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया। नक्सलियों को हमने पीछे खदेड़ दिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वायदा किया है कि इस बार मोदी सरकार आने पर तीन साल में प्रदेश से नक्सल समस्या पूर्णतः खत्म हो जाएगी। ये प्रयास छत्तीसगढ़ को और आगे ले जाएंगे और प्रदेश की प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

उन्होंने सांसद प्रत्याशी संतोष पांडे के लिए वोट की अपील की। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता उनके साथ मौजूद रहे। साय ने कार्यकर्ताओं का भी हौसला बढ़ाया और जीत सुनिश्चित बताई। उन्होंने कहा कि ङ्क हम छत्तीसगढ़ की 11 की 11 सीटें जीत रहे हैं। उन्होंने कहा कि, हमारी सरकार ने सांय-सांय सारे वायदे निभाए और इसका क्रम जारी है। सांय-सांय सारे काम हो रहे हैं।




कमल के बटन दबाना हे भाजपा ल जिताना हे

## संक्षिप्त समाचार

### घुघुवा की जूनियर टीम और भिलाई की सीनियर टीम बनी कबड्डी महासंग्राम की विजेता



**पाटन (समय दर्शन)।** महावीर यूथ क्लब एवम् समस्त ग्राम वासी घुघुवा (क)के द्वारा दो दिवसीय रात्रि कालीन राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का समापन हुआ 7 कब्बड़ी प्रतियोगिता दो कैटेगिरी में थी पहला जिसमे जुनियर अंडर 18 जिसमे केवल 18 वर्ष के नीचे के खिलाड़ी ही खेल सकते है एवम् दूसरा सिनियर ओपन मैच था जिसमे सभी उम्र के खिलाड़ी खेल सकते है 7 सीनियर मैच में 28 टीम प्रतियोगिता में भाग लिए इस कब्बडी प्रतियोगिता का समापन 21/04/2024 को संध्या में हुआ जिसमे फाइनल मैच में घुघुवा तथा गोमची के बीच हुआ जिसमे घुघुवा के टीम ने गोमची के टीम को 3 अंक से हरा कर प्रथम स्थान के किताब को अपने नाम किया इस जुनियर वर्ग का परिणाम प्रथम स्थान घुघुवा के टीम तथा द्वितीय स्थान पर गोमची की टीम तथा तृतीय स्थान प्रगति रायपुर एवम् चतुर्थ स्थान सौराबंधा की टीम रही वही सीनियर वर्ग घमासान रोमांचक फाइनल मैच भिलाई विरुद्ध भिलाई के बीच हुआ जिसमे भिलाई टीम भिलाई 5 अंको से हरा कर प्रथम स्थान प्राप्त किए जिसका परिणाम प्रथम स्थान अर्जुन भिलाई ()की टीम तथा द्वितीय स्थान अर्जुन भिलाई की टीम एवम तृतीय स्थान भरदा कि टीम ,चतुर्थ स्थान हथबंध की टीम रही। इस प्रकार प्रतियोगिता का परिणाम रहा और गांव के वरिष्ठ नकरीको के द्वारा पुरुस्कार वितरण किया गया और उनके खेल की सराहना किया गया । कार्यक्रम में पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि मा.विजय बघेल जी ( सांसद दुर्ग ) तथा अवधेश शर्मा जी समाज सेवक तथा प्रणव शर्मा जी, लोकेश्वर साहू (सरपंच घुघूवा), राजेश पाण्डेय ,प्रशांत शर्मा , थानेश्वर साहू,मनोज साहू, चूड़ामणि साहू ,राजकुमार साहू ,सुंदर साहू, संतोष साहू,नरेश निषाद, एवम् ग्राम के वरिष्ठ नागरिक के कर कमलों द्वारा किया गया । जिसमे अतिथि द्वारा खेलो से मिलने वाले लाभों के बारे में बताया गया तथा आने वाले वर्षो में ऑल इंडिया टूर्नामेंट कराने का विषय में चर्चा किया गया ।

### विश्व पृथ्वी दिवस पर जय बालाजी इन्डस्ट्रीज के कर्मचारियों ने पर्यावरण को हरा-भरा रखने लिया संकल्प




**दुर्ग (समय दर्शन)।** जय बालाजी इन्डस्ट्रीज लिमिटेड रसमड़ा में सोमवार को विश्व पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रह बनाम् प्लास्टिक के संबंध में संयंत्र परिसर के भीतर एवम् बाहर अन्य जगहों / चौराहों पर विश्व पृथ्वी दिवस के संबंध में सुशील केशरी और विवेक इंगले पर्यावरण एवं सुरक्षा अधिकारी द्वारा ग्रह बनाम् प्लास्टिक के संबंध में प्रकाश डालते हुए बताया गया कि हमें पृथ्वी को बचाने के लिए वायु प्रदूषण को नियंत्रित करना होगा, प्लास्टिक कैरी बेग / प्लास्टिक डिस्पोजल सामान का उपयोग नही करना होगा, ज्यादा से ज्यादा वृक्षा रोपण करके ही हम हवा, पानी, मिट्टी की अनमोलता / जल, जमीन, जंगल, तथा पर्यावरण को सुरक्षित रख सकते हैं और अपनी पृथ्वी को भी सुरक्षित रखा जा सकता है। साथ ही हमें अपने आस-पास के वातावरण को शुद्ध, स्वच्छ और हरा-भरा रखने का भी संकल्प लिया गया। शपथ दिलवाया गया/नारा लगवाया गया तथा रैली निकाली गई। साथ में यह भी बताया गया कि हमारे पर्यावरण के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल 22 अप्रैल को दुनिया भर में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को मनाए जाने का उद्देश्य लोगों के भीतर पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने और धरती को बचाने के लिए किए जा रहे प्रयासों को प्रोत्साहित करना है।दुनिया भर में आज के दिन पृथ्वी व पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया जाता है। यह दिन जलवायु संकट और पर्यावरण के सामने पैदा हुए संकट की ओर ध्यान दिलाता है। पृथ्वी का दुसरा नाम धरा, भूमि, बसुधंरा, रसा, रत्नगर्मा आदि शामिल है। इस क्रम में संयंत्र परीसर में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें संयंत्र प्रमुख पी के रथ, संदीप नायर, सुधीर जोशी की विशेष उपस्थिति में संयंत्र के अन्य कर्मचारीयों एवम् श्रमिकों तथा उपस्थित गणमान्य के साथ मिलकर संकल्प लिया गया।

# 85 प्लस वर्ष के मतदाताओं एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिये कलेक्टर सुश्री चौधरी ने विशेष टीम का किया गठन

- 300 मितानिनों एवं विभिन्न अधिकारियों/कर्मचारियों ने कैंडल मार्च में लिया हिस्सा




**दुर्ग ( समय दर्शन )।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.पी. मेश्राम के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं मितानिनों के माध्यम से लोक सभा निर्वाचन 2024 निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 07 दुर्ग हेतु विगत 19 अप्रैल 2024 शुक्रवार संध्या 6.30 बजे कैण्डल मार्च एवं मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता विशाल रैली में लगभग 300 मितानिनों एवं अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा कलेक्टर परिसर दुर्ग से पटेल चौक होते हुए जिला पंचायत दुर्ग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय से होते हुऐ जिला अस्पताल दुर्ग तक रैली का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के नारे एवं स्लोगन के माध्यम से प्रचार-प्रसार करते हुए, सभी मतदाताओं को लोकतंत्र की रक्षा के लिये 18 वर्ष से अधिक उम्र के सभी मतदाताओं को शत्-प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई। 85 वर्ष के मतदाताओं एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिये, जो मतदान केन्द्र तक नहीं पहुंच पाने वाले मतदाताओं के लिये कलेक्टर सुश्री चौधरी द्वारा विशेष टीम का गठन किया गया है, जो घर पहुंचकर निष्पक्ष मतदान करायेंगे, इस स्थिति में 85 वर्ष से अधिक एवं दिव्यांगजन जो मतदान केन्द्र में नहीं पहुंच पाते है वे भी शत्-प्रतिशत अपने मताधिकार का उपयोग करें। मतदाता जागरूकता अभियान रैली एवं कैण्डल मार्च में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.पी. मेश्राम, जिला नोडल अधिकारी स्वास्थ्य विभाग, लोगसभा निर्वाचान एवं नोडल अधिकारी मितानिन कार्यक्रम डॉ. सी.बी.एस. बंजारे, डी.पी.एम. संदीप ताम्रकार, जिला समन्वयक मितानिन कार्यक्रम भेखू देशमुख, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक दुर्ग संजीव दुबे, जिला मीडिया सहायक दुर्ग देवानंद बंजारे, शहरी समन्यवय मितानिन कार्यक्रम श्रीमती लक्ष्मी साहू एवं श्रीमती किरण साहू, एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। इस प्रकार मतदाता जागरूकता अभियान का सफल आयोजन किया गया, जिससे सभी मतदाताओं को रैली के माध्यम से नि:स्वार्थ, निष्पक्ष, निर्भीक, बिना प्रलोभन, के शत्प्रतिशत अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील की गई।

# मध्य ब्लॉक कांग्रेस का वार्ड चलो अभियान में जनता का मिल रहा समर्थन

**महंगाई बेरोजगारी पर बात ना कर जनता का ध्यान भटका रही है भाजपा**



**दुर्ग ( समय दर्शन )।** लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू को जीताने के लिए मध्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग द्वारा पूर्व विधायक अरुण वोरा, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गया पटेल, मध्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष अलताफअहमद के नेतृत्व में वार्ड चलो अभियान के तहत आज वार्ड नंबर 35 36 में जनसंपर्क किया गया और कांग्रेस को जिताने की अपील की गई। जनसंपर्क के दौरान नागरिकों ने बताया की जब से केंद्र में भाजपा की सरकार बैठी है महंगाई चरम सीमा पर है बेरोजगारी पर भाजपा वाले बात नहीं करते हैं आज युवा बेरोजगार है उनके रोजगार के लिए कोई चर्चा, कोई योजना भाजपा के पास नहीं है गरीब आदमी और मध्यम वर्गी बहुत परेशान है। कांग्रेस की पांच जन कल्याणकारी योजनाओं को मतदाताओं ने विश्वास जताया है और इस बार दुर्ग लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी श्री राजेंद्र साहू को भारी मतों से जीताने के लिए संकल्पित है। वार्ड भ्रमण में पूर्व पार्षद चंदा देवी शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष अजय मिश्रा, राजकुमार पाली,राजकुमार साहू, एमआईसी मेंबर पार्षद भोला महोबिया,ऋषभ जैन,राहुल शर्मा, पूर्व पार्षद लिखन साहू,अशोक मेहरा, पप्पू श्रीवास्तव,प्रीति साहू,रानी देवांगन,डोमार सिंह राजपूत,जगमोहन ढीमर,शत्रुघ्न चक्रधारी, लीला साहू,अमित यादव,आदित्य नारंग,सरवर चौहान,रविंद्र राठी, रुपलाल मरकाम,धनवंती निषाद, सुषमा राजपूत, लक्ष्मी सेन सहित वार्ड वासी उपस्थित थे।

# बजरंगियों ने महावीर जयंती शोभा यात्रा में पिलाया जल




**दुर्ग ( समय दर्शन )।** त्याग, तप, सत्य, अहिंसा, लोक कल्याण, दया एवं परोपकार पर आधारित उनका जीवन हम सभी के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा इसी उद्देश्य को लेकर नगर सह सयोंजक बलदाऊ साहू के नेतृत्व में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के बजरंगी भाइयों के द्वारा श्री महावीर जी कि शोभायात्रा में जल पिलाकर अपने जीवन को श्री महावीर जी के कुछ मार्गों पर चलने का संकल्प लिया ।सुबह से ही विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के बजरंगी भाइयों मे एक अलग ही उत्साह था। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल केविभाग सह संयोजक रामलोचन( राकेश )तिवारी जिला कार्यकारी अध्यक्ष पारस जंधेल, सह मंत्री विजय दुबे,जिला सह सयोंजक खेमलाल सेन,टिक्कू निषाद, नगर सह सयोंजक बदलाऊ साहू, ग्रामीण सह संयोजक मिलाप पारकर, कमलेश, चमन, किशन, निकेश, राज साहू, पर्वत साहू, अभिजीत,तरुण,रोहित, शुभम खरोले, डोमन सोनकर, करतार सींग, हनी शर्मा, सविन चौड़े,डिस्को, यशवंत साहू, यशवंत चक्रधारी, जितेन्द्र चक्रधारी,अमित, डोमेंद्र साहू,जीतू,राहुल साहू, तरुण तेंदुलकर, संदीप साहू, लक्की चक्रधारी, अंकित साहू, गोविन्द कसेर, भानु कुंभकार, बिट्टू सिन्हा, गौरव विश्वकर्मा, दीपक साहू, तरेन्द्र साहू, जीतू गुप्ता,रोशन गुप्ता,ओमप्रकाश देवांगन, टिकेश देवांगन, कृष्णा कुंभकार, रोहित कुंभकार,सचिन साहू,प्रवीण ढीमर, राहुल साहू,संदीप साहू,पप्पू साहू, तोरण ढीमर, रवि साहू,युवराज पटेल,आर्यन गुप्ता, रोशन, आदि बहुत से बजरंगी भाइयों के द्वारा इस कार्य में सहयोग किया गया ?

# कोयल का धंधा असफल, जनसुनवाई का स्कूली कनेक्शन



**चुनाव में क्यों नहीं उठता यह सम-समायिक प्रश्न**

**बिलासपुर (समय दर्शन)।** बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र दो जिलों को लेकर बनता है, पहले बिलासपुर दूसरा मुंगेली और वर्गीकरण की दृष्टि से मुंगेली के मुकाबले बिलासपुर जिले की अहमियत ज्यादा है। पिछले 5 साल में जिले के भीतर एक ऐसी जनसुनवाई नहीं हुई जो सफलता के अंजाम तक पहुंची हो, सीधा अर्थ है उद्योग लगाने वाले पर्यावरण के नियमों को तोड़ मरोड़ कर पूरा करना चाहते हैं और प्रभावित होने वाले ग्रामीण जन अब उनके झांसे में नहीं आते। मस्तूरी क्षेत्र में दो कोल वासरी और एक क्रेशर है। गिट्टी बनाने वाले क्रेशर की संख्या 18 से ज्यादा है। बिल्हा क्षेत्र में दो कोल वासरी और लगभग 32 क्रेशर है। तखतपुर में दो कोल वासरी, एक क्रेशर । कोटा क्षेत्र में तीन साइडिंग है एक अवैध क्रेशर चल रहा है। बेलतरा में दो कोल वासरी, दो साइडिंग और दो डंपिंग। बिलासपुर में तीन साइडिंग काम करती है। इसके अतिरिक्त जो चर्चित जनसुनवाई हुई उनमें पहला अडानी का प्लांट मस्तूरी क्षेत्र में, कॉल मेन की दो जनसुनवाई नेवर क्षेत्र में रद्द हुई। महावीर की खरगहनी की जनसुनवाई, पारस की तखतपुर जनसुनवाई तखतपुर क्षेत्र में रद्द हुई। प्रश्न उठता है कि विधानसभा अथवा लोकसभा चुनाव में कोल वासरी , कोल के डंपिंग और क्रेशर कभी भी प्रत्याशियों के प्रचार का विषय क्यों नहीं बनते क्या प्रत्याशी के चुनावी खर्च का प्रबंध इसी सेक्टर से होता है....? दूसरा बिलासपुर के तमाम कोल वासरी के संचालकों का कहीं ना कहीं शिक्षा के कोचिंग संस्थान और स्कूल, महंगे स्कूल संचालक से सीधा संबंध है। यदि किसी शासन व्यवस्था की हिम्मत हो जाए, जांच हो जाए तो पीएमएलए के एक दर्जन एफआईआर बिलासपुर जिले में ही दर्ज हो जाएंगे । कोल माफिया का शिक्षा माफिया से सीधा संबंध बनता है सबसे खतरनाक बात कुछ उद्योगपति हमारी धरती का पर्यावरण मात्रा नहीं बिगाड़ रहे वे बच्चों से लेकर टीनएजर का भविष्य भी बर्बाद कर रहे हैं। कैसे.... ?

# आचार संहिता के उल्लंघन में तत्काल कार्यवाही हो - कांग्रेस

**कार्यवाही ना होने से भाजपा कर रही निर्वाचन को दूषित**



**राजनांदगांव (समय दर्शन)।** संसदीय क्षेत्र में भाजपा लगातार आचार संहिता का उल्लंघन पोस्टर,सोशल मीडिया , वीडियो, सभा के भाषणों कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी भूपेश बघेल जी के खिलाफ अनर्गल प्रचार करते हुए धार्मिक चित्रों, हेट स्पीच सहित वर्ग विशेष में शत्रुता पैदा करने के लिए बयान बाजी कर रहे हैं लगातार कांग्रेस द्वारा शिकायत करने के बाद भी निर्वाचन तत्काल जांच कार्यवाही नही कर रही है इस मुद्दे को लेकर आज भूपेश बघेल के निर्वाचन अभिकर्ता गिरीश देवांगन विनोद वर्मा लोकसभा प्रभारी प्रदेश महामंत्री शाहिद भाई, रुचिर गर्ग, विद्या भूषण शुक्ला, प्रदेश प्रवक्ता रुपेश दुबे, महापौर हेमा देशमुख, लोकसभा वार रूम प्रभारी जितेन्द्र मुदलियार, आयुष पांडे, शुभम शुक्ला युंका महामंत्री चेतन भानुशाली रीना पटेल आदि ने रिटर्निंग आफिसर को दस्तावेजी शिकायत पेन ड्राइव सहित कर कार्यवाही की मांग की है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि कांग्रेस नेताओं ने समवेत स्वर में कहा कि जिस प्रकार से आचार संहिता का उल्लंघन भाजपा राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में कर रही है वह स्वस्थ निर्वाचन के लिए घातक है तत्काल कार्यवाही न होने से वर्गों के बीच में वैमनस्यता एवं कांग्रेस प्रत्याशी की छवि पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है सबसे आश्चर्यजनक बात यह है कि आचार संहिता में स्पष्ट उल्लेख है कि धर्म, देवी देवताओं तक के नाम पर वोट नहीं मांगा जाना चाहिए लेकिन भाजपा लगातार देवी देवताओं के बड़े-बड़े होर्डिंग पोस्टर लगाकर धर्म संस्कृति के नाम पर वोट मांगते राजनीति कर रहे है यहां तक कांग्रेस पार्टी को आतंकवाद नक्सलवाद तमंचे पकड़ने वाली पार्टी निरूपित करने का काम भी भाजपा के शीर्ष नेता कर रहे हैं जो कुमरदा की सभा में भाजपा नेताओं के भाषण से प्रमाणित है पूर्व में किए गए शिकायतो पर कोई कार्यवाही ना किए जाने से पक्षपात भी परिलक्षित हो रहा है क्योंकि हेट स्पीच,आचार संहिता के उल्लंघन में आयोग भी स्वयं भी संज्ञान ले। साथ ही शिकायतो पर की गई कार्यवाही से शिकायतकर्ता को भी अविलंब अवगत कराने की मांग भी की गई है।

# सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला प्रेस क्लब का हुआ गठ़न, अमितेश केशरवानी अध्यक्ष बने,किशोर मनहर सचिव, गौतम बंजारे और रवि तिवारी उपाध्यक्ष

**वरिष्ठ पत्रकार दीपक थवाईत संरक्षक, राहुल भारती कोषाध्यक्ष, गोविंद बरेठा, संतोष चौहान संयुक्त सचिव**



**सारंगढ़-बिलाईगढ़ योगेश कुर्रे (समय दर्शन)।** जिला मे जिला प्रेस क्लब का गठन किया गया है। जिसमे पत्रकारो ने सर्वसम्मति से सारंगढ़ टाईम्स के संपादक अमितेश केशरवानी को प्रेस क्लब का जिला अध्यक्ष चुना है। वही उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी गौतम बंजारे और रवि तिवारी को सौपी गई है। किशोर मनहर सचिव और राहुल भारती कोषाध्यक्ष का दायित्व सम्हालेगें। गोविंद बरेठा और संतोष चौहान को संयुक्त सचिव की जवाबदारी सौपी गई है। वरिष्ठ पत्रकार दीपक थवाईत को संरक्षक बनाया गया है।

नये बने सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला में पत्रकारो के संगठन के रूप में पंजीकृत समिति जिला प्रेस क्लब का आज गठन संपन्न हुआ। प्रेस क्लब के जिला कार्यालय मे आयोजित आज के बैठक में सारंगढ़ टाईम्स के संपादक अमितेश केशरवानी को सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष चुना गया। इस बैठक में प्रेस क्लब को लेकर कई महत्वपूर्ण बिन्दुओ पर प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस बैठक के बारे मे जानकारी देते हुए प्रेस क्लब के सचिव किशोर मनहर ने बताया कि सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला के पत्रकारो के हित के लिये संगठन का पंजीयन कराया गया है। जिला प्रेस क्लब नवीन जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ में प्रशासन और जनता के बीच सेतु का कार्य करेगा साथ ही पत्रकारो को कही पर भी प्रताड़ित करने या साजिश के तहत फंसाने जैसे कार्यो के खिलाफ मुखर होकर खड़ा होगा। उन्होन बताया कि जनता की आवाज के रूप में लोकतंत्र का चौथा स्तंभ पत्रकारिता में वर्तमान दौर में पत्रकारो को एकता और सक्रियता को ध्यान मे रखते हुए नवीन जिला बना सारंगढ़-बिलाईगढ़ में उक्त जिला प्रेस क्लब का विधिवत पंजीयन भी कराया गया है। उन्होने बताया कि इस संघ में शीघ्र ही नवीन सदस्यता अभियान प्रारंभ किया जा रहा है तथा मैदानी स्तर पर सक्रिय पत्रकारो को इस संगठन में सदस्यता प्रदान किया जायेगा। इस संगठन के संरक्षक का दायित्व वरिष्ठ पत्रकार दीपक थवाईत को सौपा गया है वही सारंगढ़ टाईम्स के संपादक अमितेश केशरवानी को जिला अध्यक्ष का दायित्व सौपा गया है। उपाध्यक्ष के तौर पर गौतम बंजारे और रवि तिवारी को जिम्मेदारी दिया गया है जबकि सचिव के पद पर किशोर मनहर को जवाबदारी दिया गया है। कोषाध्यक्ष पद की महती जवाबदारी राहुल भारती को दिया गया है जबकि संयुक्त सचिव के पद पर गोविंद बरेठा और संतोष चौहान को जवाबदारी दिया गया है। सर्वसम्मति से पदाधिकारियो का निर्वाचन होने के बाद सभी को फूलमालाओ और गुलाल लगाकर सम्मानित किया गया तथा नवनियुक्ति पदाधिकारियो का सम्मान किया गया।आज के इस बैठक में दीपक थवाईत, अमितेश केशरवानी, किशोर मनहर, गौतम बंजारे, रवि तिवारी, राहुल भारती, किशोर मनहर, गोविंद बरेठा, संतोष चौहान, टारजन महेश, योगेश कुर्रे, रामकुमार थुरिया, हेमंत बंजारे, दिनेश राजपूत, मिलन महंत, लक्ष्मी यादव, दिनेश जोल्हे, मुकेश शर्मा, प्रवीण थामस सहित पत्रकार जगत के कई साथी उपस्थित रहे। नये जिले में प्रारंभ किया जायेगा सदस्यता अभियान इस संबंध में बैठक में पारित प्रस्ताव के संबंध में सचिव किशोर मनहर ने बताया कि सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला प्रेस क्लब के सदस्यता अभियान का शीघ्र ही विस्तार किया जायेगा। उन्होने बताया कि बिलाईगढ़, पवनी, सरसीवा, भटगांव, कोसीर, बरमकेला, सरिया आदि क्षेत्र के सक्रिय कलमकार तथा इलेक्ट्रानिक मिडिया के प्रतिनिधियो को प्रेस क्लब मे सदस्यता प्रदान किया जायेगा। नवीन जिले सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला में पत्रकारो के हित में सदैव खड़े होने वाली संगठन जिला प्रेस क्लब मे सदस्यता के लिये फार्म सचिव किशोर मनहर के पास प्राप्त किया जा सकता है।

पोस्टर जारी होने के एक दिन बाद ही इन तीनों में से एक सांसद राजीव शुक्ला रायपुर पहुंचे

# पहले चरण में आगे चल रही इंडी गठबंधन, इससे पीएम मोदी बौखला गए है : कांग्रेस

**रायपुर (समय दर्शन)।** भाजपा ने दो दिन पहले ही छत्तीसगढ़ कांग्रेस की ओर से राज्यसभा भेजे गए तीनों सांसदों को लापता बताते हुए पोस्टर जारी किया था। पोस्टर जारी होने के एक दिन बाद ही इन तीनों में से एक सांसद राजीव शुक्ला रायपुर पहुंचे। राजीव ने प्रवक्ता राधिका खेड़ा के साथ यहां प्रेस कान्फ्रेंस को संबोधित किया। दोनो नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में सबसे पहले पीएम नरेंद्र मोदी के उस दावे पर हमला बोला, जिसमें उन्होंने कहा था कि, कांग्रेस आप लोगों के पैसे छीनकर ज्यादा बच्चे वालों को देना चाहती है। राज्यसभा सदस्य राजीव शुक्ला और कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा ने कहा कि, पहले चरण की 102 सीटों में इंडिया गठबंधन एनडीए से आगे है। इसलिए बौखलाहट में पीएम ऐसी बात कह रहे हैं, जिसका घोषणापत्र में जिक्र तक नहीं है। दरअसल, राजस्थान में एक चुनावी सभा के दौरान पीएम मोदी ने कहा था कि, अगर कांग्रेस सत्ता में आती है तो




आपके पैसे मुसलमानों को बांट देगी। इसी पर पलटवार करते हुए राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा ने बताया कि, कांग्रेस के घोषणापत्र में हिंदू-मुसलमान की बात नहीं हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बातों की हम निंदा करते हैं। मैं चुनौती देता हूं, जो बात पीएम मोदी ने कही उसे घोषणापत्र में दिखाएं। कांग्रेस की गारंटियों का पूरे देश में सकारात्मक असर है। राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा ने युवाओं के लिए कहा कि, हम इन्हें 30 लाख नौकरी देकर सशक्त बनाएंगे। युवाओं को एक साल तक अप्रेंटिसशिप का हक देंगे। अग्निवीर योजना को बंद कर हम सेना में भर्ती शुरू करेंगे।

हर गरीब परिवार की 1 महिला को 1 लाख सालाना दिया जाएगा। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा था कि, छग में दो साल में नक्सलवाद खत्म हो जाएगा। इस मामले पर राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला ने कहा कि, नक्सलवाद खत्म करने की बात अच्छी है। लेकिन भाजपा पहले अपना इतिहास देख ले...15 साल सत्ता में रही भाजपा सरकार के समय में नक्सलवाद बढ़ा है। बल्कि कांग्रेस सरकार में नक्सल घटना कम हुई है। भाजपा ने कांग्रेस के राज्यसभा सांसदों को गुमशुदा बताया था। जिसको लेकर राज्यसभा सदस्य राजीव शुक्ला ने कहा कि, भाजपा पहले अपने लोकसभा सांसदों के काम का हिसाब दे। मैंने तो छत्तीसगढ़ के हर मुद्दे को राज्यसभा में उठाया है। भाजपा के सांसदों ने क्या किया इसका उन्हें जवाब देना चाहिए।

## सूने मकान में चोरी करने वाले 2 चोर गिरफ्तार





**रायपुर (समय दर्शन)।** खमतराई के एक सूने मकान में चोरी करने वाले दो चोरों को खमतराई पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से सोने-चांदी के जेवरात और नकदी रकम बरामद की गई है। मामला खमतराई थाना क्षेत्र का है।

प्राप्त जानकरी के साहूपारा, नीम डबरी, खमतराई निवासी मनोज साहू 16 अप्रैल को सपरिवार बाहर गए थे। इसी बीच चोरों ने इनके घर पर धावा बोला। 19 अप्रैल को जब परिवार वापस आया तो इन्हे चोरी का पता चला। प्रार्थी की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना खमतराई में अपराध क्रमांक 406/24 धारा 457, 380 भदवि. का अपराध पंजीबद्ध किया गया था।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी खमतराई के नेतृत्व में थाना खमतराई पुलिस की टीम द्वारा घटना स्थलों का बारिकी से निरीक्षण कर घटना के संबंध में प्रार्थियों से विस्तृत पूछताछ करते हुए अज्ञात आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल तथा उसके आस-पास लगे सी.सी.टी.व्ही. कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करते हुए प्रकरण में मुखबीर लगाने के साथ ही तरीका वारदात के आधार पर चोरी के प्रकरणों में हाल ही में जेल से रिहा हुए अपराधियों के संबंध में भी जानकारी एकत्र कर अज्ञात आरोपी को चिन्हांकित करने के प्रयास किये जा रहे थे। इसी दौरान टीम के सदस्यों द्वारा घटना में संलिप्त आरोपी नीम डबरी नहरपारा खमतराई निवासी राज विश्वकर्मा एवं अमरदास कुर्रे उर्फ सूरज को पकड़कर घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा चोरी की उक्त घटनाओं को अंजाम देना बताया गया।

जिस पर आरोपी राज विश्वकर्मा एवं अमरदास कुर्रे उर्फ सूरज को गिरफ्तार कर दोनों के कब्जे से चोरी की सोने चांदी के जेवरात एवं नगदी रकम 25,575/- रूपये जुमला कीमती लगभग 55,000/- रूपये जप्त कर दोनों के विरूद्ध कार्रवाई की गई।

गिरफ्तार आरोपी


राज विश्वकर्मा पिता उत्तम विश्वकर्मा उम्र 20 साल निवासी नीम डबरी नहरपारा खमतराई थाना खमतराई रायपुर।

अमरदास कुर्रे उर्फ सूरज पिता राजेन्द्र प्रसाद कुर्रे उम्र 20 साल निवासी नीम डबरी नहरपारा खमतराई थाना खमतराई रायपुर।

कार्यवाही में निरीक्षक एस.एन.सिंह थाना प्रभारी खमतराई, सउनि. जगदम्बा तिवारी, प्र.आर. रमेश यादव, आर. सुदीप मिश्रा, विकास सिंह, मनमोहन तंदुलाने एवं भेनू लोधी थाना खमतराई की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## अमित शाह तय कर ले क्या बोलना है, बार-बार बयान बदलना बंद करें : कांग्रेस

**रायपुर (समय दर्शन)।** केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा नक्सलवाद पर दिये गये बयान की कांग्रेस ने चुनावी जुमला बताया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा नक्सलवाद खात्मे को लेकर अमित शाह के द्वारा दिया गया बयान हास्यपद है। जनता ने मोदी सरकार को 10 साल का समय दिया था। मोदी सरकार आतंक को समाप्त करने में लेकिन असफल रही। भाजपा सरकार की विदाई सुनिश्चित हो गई है उनकी उल्टी गिनती चल रही है। अमित शाह अब तनाव न पाले नक्सलवाद खत्म करने कांग्रेस की सरकार काम करेगी। केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है और आतंक को खत्म करने की रणनीति पर काम होगा देश आतंक से मुक्त होगा। राज्य में कांग्रेस की सरकार ने नक्सलवाद पर काबू किया केन्द्र में कांग्रेस की सरकार खत्म करेगी। शाह को पता है अब मोदी के नाम पर वोट नहीं मिलेगा तो नक्सलवाद के नाम पर



वोट मांग रहे। सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि अमित शाह पहले तय कर ले कि उन्हें बोलना क्या है। इसी प्रदेश में आज के एक वर्ष पहले भूपेश सरकार के समय अमित शाह जब छत्तीसगढ़ आये थे उन्होंने कहा था राज्य से नक्सलवाद 80 प्रतिशत कम हो गया है। अमित शाह की उपस्थिति में सीआरपीएफके डीजी ने कहा था छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद पैकअप की ओर है। आम चुनावी सभा में अमित शाह राजनैतिक लाभ के लिये झूठे आरोप लगा रहे कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के समय नक्सलवाद बढ़ा है। अमित शाह झूठ बोलकर केन्द्रीय गृहमंत्री पद की गरिमा को गिरा रहे है। अमित शाह कहते है नक्सलवाद छत्तीसगढ़ में तीन साल में खत्म होगा। जब विधानसभा चुनाव चल रहा था तब कहा था राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही नक्सलवाद चुटकियों में खत्म हो जायेगा। अब लोकसभा चुनाव में फिर वोट लेने के लिये तीन साल की बात कर रहे है। भाजपा बेशर्मी पूर्वक नक्सली घटनाओं पर राजनीति कर रही है। जबकि नक्सलवाद की पोषक भाजपा ही है। भाजपा के 15 साल के शासनकाल में नक्सलवाद 3 ब्लाकों से निकलकर 14 जिलों तक पहुंचा था। उन्होंने कहा कि अमित शाह के अनुसार छत्तीसगढ़ और देश मे नक्सल समस्या के समाधान के लिए भाजपा की सरकार होना अनिवार्य शर्त है तो छत्तीसगढ़ में 2003 से 2018 तक भाजपा की सरकार थी। 2014 से 2018 तक केंद्र और राज्य दोनों ही जगह भाजपा की ही सरकार थी। क्यों नक्सलवाद को अमित शाह ने चुटकियों में खत्म नहीं किया।

## सत्यपाल मलिक के आरोप मौन क्यों हैं मोदी : दीपक बैज

### पीसीसी चीफने पीएम मोदी को पत्र लिखकर उठाये सवाल

**रायपुर (समय दर्शन)।** छत्तीसगढ़ आगमन के पूर्व कांग्रेस ने जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के द्वारा लगाये गये आरोपों पर प्रधानमंत्री मोदी से जवाब मांगा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खुला पत्र लिखकर पूछा है कि जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के द्वारा लगाए गये गंभीर आरोप पर आप मौन क्यों है, उम्मीद है छत्तीसगढ़ की जनता को जवाब देंगे?

14 फरवरी 2019 को जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में विस्फोटकों से भरी गाड़ी, सीआरपीएफ़के 70 बसों के काफ़िले में चल रही एक बस से भिड़ा दी गई थी। इस आत्मघाती हमले में 40 जवानों की मौत हुई थी। सत्यपाल मलिक ने पुलवामा हमले को केंद्र की लापरवाही बताया था, आपकी सरकार ने इसका खंडन क्यों नहीं किया? मलिक ने आरोप लगाया कि जम्मू से श्रीनगर जाने सीआरपीएफ़को पांच एयरक्राफ़्ट गृह मंत्रालय ने नही दिया, एयरक्राफ़्ट दे देते तो ये हमला नहीं होता। इस हमले के लिये केंद्र सरकार जिम्मदार थी।



सत्यपाल मलिक ने आरोप लगाया इस घटना की जानकारी प्रधानमंत्री को दी, ग़लती बताया तो पीएम उन्हें卐 इस पर चुप रहिए卐 कहा। आपने उनको चुप क्यों करवाया था? संवेदनशील अति सुरक्षित क्षेत्र में 350 किलो आरडीएक्स से भरी गाड़ी कैसे पहुंच गयी? सत्यपाल मलिक का यह भी आरोप पुलवामा हमले के वक्त कनेक्टिंग रोड पर जवान तैनात नहीं थे। उस समय पुलिस तो केंद्र सरकार के ही अधीन थी। उन्हें इसकी जानकारी क्यों नहीं थी? अगर थी तो इस पर उन्होंने क्या कार्रवाई की? किस तरह की जांच बाद में उन्होंने बिठाई?卐 मलिक ने यह भी कहा जम्मू-कश्मीर और गोवा का राज्यपाल रहते हुए उन्होंने कई बार भ्रष्टाचार का मुद्दा प्रधानमंत्री के सामने उठाया, लेकिन कोई कार्रवाई क्यों नहीं हुई?

मलिक का आरोप है प्रधानमंत्री के क़रीबी लोग उनके पास जम्मू-कश्मीर में दलाली का काम लेकर आये जिसमें उन्हें 300 करोड़ रुपये का ऑफ़र था।


मलिक ने कहा जनवरी, 2022-卐मैं किसानों के मामले में जब प्रधानमंत्री से मिलने गया तो मेरी पांच मिनट में लड़ाई हो गई। वो बहुत घमंड में थे, जब मैंने उनसे कहा कि हमारे पांच सौ लोग मर गए हैं।卐 उन्होंने किसानों की समस्या नहीं सुना।

दीपक बैज ने कहा कि आपकी सरकार की बिदाई की बेला में प्रधानमंत्री मोदी जब आप छत्तीसगढ़ आये तो छत्तीसगढ़ की धरती से अपने ही सहयोगी के इन आरोपों का जवाब दें।

कई बड़े कारोबारी-डिस्टिलर्स ने जमकर बेची शराब, खुद को बचाने अब बने गवाह

# शराब घोटाला : अब बड़ी मछलियों पर जाल फेंकने वाली है ईडी...

**रायपुर (समय दर्शन)।** छत्तीसगढ़ में 2 हजार करोड़ रुपए के शराब घोटाले में दर्ज दूसरी ईसीआईआर में केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालयत (ईडी) अब पहले से ज्यादा पुख्ता केस पेश करने जा रही है। सूत्रों के मुताबिक यह केस इसलिए मजबूत हो रहा है, क्योंकि छत्तीसगढ़ के कई बड़े शराब कारोबारी और डिस्टिलर्स जो कोविड की तीसरी लहर से सिंडीकेट से जुड़ गए थे और शराब का बंपर उत्पादन और वितरण किया, पूरी कहानी का खुलासा अब वे ही कर रहे हैं और खुद को सभी ने इनोसेंट (बेगुनाह) करार दिया है। सूत्रों के हवाले से यह बात भी आई है कि एक बड़े डिस्टिलरी संचालक ने तो यहां तक कहा है कि उनकी फैक्ट्री सिंडीकेट ही चला रहा था और उन्हें हर महीने पैसे दिए जा रहे थे। यह पैसे डिस्टिलर्स की महीने की औसत कमाई के बराबर थे या उससे कई गुना ज्यादा, सिर्फ यही बात छिपा ली गई है। यही वजह है कि ईडी जिन बड़े अफसरों और कारोबारियों को सिंडीकेट




का पार्ट बता रही है, जब-जब उनकी गिरफ्तारी या पूछताछ होती है, दुर्ग संभाग और रायपुर संभाग के बड़े डिस्टिलर्स को भी ईडी पूछताछ के लिए बुला लेती है, ताकि आमने-सामने बयान करवा दिया जाए। यही वजह है कि ईडी ने सिंडीकेट के लोगों और आबकारी अफसरों के अलावा ईओडब्लू में दर्ज करवाई गई एफआईआर में कई बड़े डिस्टिलर्स, शराब कारोबारियों और इस कारोबार से दूसरी तरह से जुड़े लोगों को भी छोड़ा नहीं है, बल्कि आरोपी बना दिया है। छत्तीसगढ़ के चर्चित शराब घोटाले में ईडी पूर्व आईएएस अफसर अनिल टुटेजा को सोमवार को कोर्ट से रिमांड पर लेने की कोशिश करेगी। माना जा रहा है कि रिमांड मिलने के बाद कई डिस्टिलर्स और शराब कारोबारियों को ईडी पूछताछ के लिए तलब करने वाली है। शराब घोटाले की एफआईआर में इस कारोबारी की जिन बड़ी मछलियों को आरोपी बनाया गया है, उनमें वेलकम डिस्टलरीज, केड़िया डिस्टलरी, भाटिया वाइंस और छत्तीसगढ़ डिस्टलरीज हैं। सूत्रों के मुताबिक इन डिस्टिलर्स ने तीन साल में बेहिसाब देसी मसाला शराब और अंग्रेजी गोवा शराब बनाई तथा इन्हें छत्तीसगढ़ के मार्केट में सप्लाई किया। जानकार सूत्रों के अनुसार शराब की अफरातफरी ऊंचे अंग्रेजी ब्रांड में नहीं हुई क्योंकि 5 से 8 हजार रुपए में मिलनेवाली बोतलों की न तो उतनी डिमांड है और न ही उनमें उतना मुनाफा है। छत्तीसगढ़ में जितनी शराब सालभर में बिकती है, सूत्रों के मुताबिक उनमें 90 फीसदी से ज्यादा बिक्री देसी मसाला और सस्ते अंग्रेजी पौव्वे जैसे गोवा की है। यहां डिस्टलरियों में इन्हें बनाना सुविधाजनक भी है, इसलिए इनका बंपर उत्पादन किया गया और गांवों में इसी अवैध शराब की नदियां बहा दी गईं। ईडी के केस में जिस सिंडीकेट का जिक्र है, उनमें प्रमुख रूप से अनवर ढेबर, अरुणपति त्रिपाठी और पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा का नाम दर्ज किया गया है। इनमें से अनवर और त्रिपाठी को ईडी ने पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा था, जहां से दोनों जमानत पर थे। एफआईआर के बाद ईओडब्लू ने भी इन दोनों को गिरफ्तार किया, जिनमें से अनवर को जेल भेज दिया गया है। त्रिपाठी अभी रिमांड पर ईओडब्लू के पास हैं। ईओडब्लू ने पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा को शनिवार को इसी केस के सिलसिले में बयान के लिए बुलाया था। बयान चल ही रहा था कि 5 घंटे बाद समंस लेकर ईडी की टीम ईओडब्लू पहुंच गई और वहां से पूर्व आईएएस को लेकर अपने दफ्तर आ गई। रविवार को पेश करने की वजह से अदालत ने पूर्व आईएएस को एक दिन की ज्यूडीशियल कस्टडी में भेज दिया। सूत्रों के मुताबिक टुटेजा को सोमवार को यानी अब से कुछ घंटे के भीतर कोर्ट में फिर पेश किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने चंद्रखुरी में बृजमोहन के लिए मांगा वोट...

**रायपुर (समय दर्शन)।** भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा ने सोमवार को चंद्रखुरी में चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने पार्टी प्रत्याशी मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के लिए वोट मांगे। इस अवसर पर बृजमोहन अग्रवाल ने जेपी नड्डा का स्वागत करते हुए कहा कि, उनके नेतृत्व में केंद्र में दो बार भाजपा की सरकार बन चुकी है और तीसरी बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। यह चुनाव कोई साधारण चुनाव नहीं है यह भारत को विश्व गुरु बनाने वाला चुनाव है। यह चुनाव देश के दुश्मनों को सबक सिखाने वाला चुनाव है।



उन्होंने कहा कि यह चुनाव अयोध्या में भांजे प्रभु श्री राम का मंदिर बनाने के लिए मोदी को धन्यवाद देने वाला चुनाव है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा जी के नेतृत्व में देश की सीमाएं पूरी तरह से सुरक्षित हैं। देश तेजी से उन्नति कर रहा है। यहां के गरीब, किसान, युवा, महिला सभी लोगों को तरक्की के समान अवसर प्रदान किया जा रहे हैं। बृजमोहन अग्रवाल ने देश को सम्राट और खुशहाल बनाने के लिए लोगों से एक बार फिर से भाजपा को वोट देने और मोदी को प्रधानमंत्री बनाने की अपील की।

### जेल में ही रहेंगे अनिल टुटेजा, ईडी को नहीं मिली रिमांड...

**रायपुर (समय दर्शन)।** शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा की न्यायिक हिरासत कोर्ट ने बढ़ा दी है। अब अनिल टुटेजा 24 अप्रैल तक जेल में ही रहेंगे। पीएमएलए कोर्ट के स्पेशल जज दो दिनों की छुट्टी पर हैं। ईडी ने अनिल टुटेजा की गिरफ्तारी के बाद रिमांड के लिए 21 अप्रैल को कोर्ट में ही पेश किया था। कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए पूर्व आईएएस को एक दिन के लिए न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया था। सोमवार को फिर से ईडी रिमांड को लेकर अनिल टुटेजा को कोर्ट में पेश होना था।



जेल प्रबंधन ने सुरक्षा में पर्याप्त बल नहीं होने का हवाला देते हुए कोर्ट नहीं लाने की असमर्थता जताई थी। इसके बाद कोर्ट की सुनवाई में पूर्व आईएएस वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए जेल से ही पेश हुए। चूंकि पीएमएलए कोर्ट के स्पेशल जज छुट्टी पर हैं। जिसके चलते डिस्ट्रिक जज ने फैसला सुनाते हुए दो दिनों की न्यायिक रिमांड बढ़ा दी। अब श्वष्ठ रिमांड को लेकर अगली सुनवाई 24 अप्रैल को होगी। 20 अप्रैल को एक नाटकीय घटनाक्रम में पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा और उनके बेटे यश टुटेजा को ईडी के अफसर अपने साथ ले गए। दोनों पिता-पुत्र ईओडब्लू के समंस पर पूछताछ के सिलसिले में कल सुबह ईओडब्लू मुख्यालय पहुंचे थे। अफसरों का कहना है कि ईडी के अफसर जब मुख्यालय पहुंचे तो पूछताछ पूरी हो चुकी थी। ईओडब्लू की पूछताछ के बाद ईडी के अधिकारी अनिल टुटेजा और यश टुटेजा को अपने साथ गाड़ी में बिठाकर ले गई। बता दें, 20 अप्रैल की सुबह पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा और उनके बेटे यश टुटेजा बयान देने ईओडब्लू पहुंचे थे। सूत्रों के अनुसार टुटेजा को इससे पहले तीन बार पूछताछ के लिए समंस दिया गया था। इसके बाद शनिवार को बयान देने वे ईओडब्लू मुख्यालय पहुंचे। एडिशनल एसपी की टीम टुटेजा से पूछताछ की। हालांकि, अनिल टुटेजा और उनके बेटे यश टुटेजा को सुप्रीम कोर्ट से नो कोरोसिव एक्शन का आदेश है। मगर सुप्रीम कोर्ट द्वारा केस खारिज करने के बाद ईडी ने फिर से शराब घोटाले में एफआईआर दर्ज कर लिया है। उधर, ईडी के प्रतिवेदन के आधार पर छत्तीसगढ़ की ईओडब्लू ने भी केस दर्ज किया है। इसी मामले में ईओडब्लू ने तीन बड़ी गिरफ्तारियां की है।

### रेल यात्री के बैग से मिले साढ़े सात लाख, फ्लाइंग स्क्वाड ने किया जब्त...




**रायपुर (समय दर्शन)।** लोकसभा चुनाव के दौरान अवैध धन-वास्तु परिवहन के खिलाफ आरपीएफ की चेकिंग जारी है। 22 अप्रैल को आरपीएफ की टीम ने एक यात्री के बैग से साढ़े सात लाख रुपए बरामद किए। दरअसल 22 अप्रैल को मंडल सुरक्षा आयुक्त रायपुर संजय कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में मंदिरहसौद टास्क टीम की प्रभारी तरुणा साहू के सहयक उपनिरीक्षक नरेंद्र और प्रधान आरक्षक बी एल यादव ने जांच के दौरान एर्नाकुलम एक्सप्रेस से आये एक यात्री को पास रोका। पूछताछ में उसने अपना नाम महेश पंजवानी पिता भोजमल पंजवानी उम्र 45वर्ष निवासी महाशक्ति वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा जिला बलौदाबाजार बताया। उसके पास रखे काले रंग बैग के बारे में पूछने पर बैग में 7,50,000 रुपए कैश हैं बताया। कैश ले जाने के संबंध में कागजात की मांग करने पर मौके पर कोई वैद्य कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। इसकी जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को देते हुये उक्त व्यक्ति को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट रायपुर लाया गया और विधान सभा रायपुर उत्तर क्षेत्र के उड़नदस्ता के कार्यपालक मजिस्ट्रेट दीप्ति तिवारी को जानकारी दी गई। उडनदस्ता ने रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट पहुंचकर उक्त कैश ?750000 को जब्त अपने कब्जे में लिया और इसकी जानकारी डिप्टी डायरेक्टर आयकर 2 नया रायपुर को मेल के माध्यम से दी।

# जनादेश की गारंटी

## संपादकीय...

**विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के चुनाव ईवीएम से ही हुए हैं। इसके बावजूद हारे हुए दल या गठबंधन हर आम चुनाव के वक्त ईवीएम को हटाने या उसे वीवीपीएटी से लैस करने की मांग चुनाव आयोग से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक करते रहे हैं। आयोग की तरफ से हर चुनाव के पहले उनके समक्ष ईवीएम के फूलप्रूफ डेमो के जरिए चिंताओं के निराकरण के बावजूद सवाल उठाते रहना एक रस्मी कवायद है।**

सर्वोच्च न्यायालय ने लोक सभा सभा के प्रथम चरण के मतदान से एक दिन पहले चुनावी मशीन की विसनीयता के बारे में यही कहा। एडीआर और अन्य की तरफ से जारी जनहित याचिकाओं पर दूसरे दिन सुनवाई करते हुए ईलेक्ट्रिक वोटिंग मशीन पर संदेह जताने को सही नहीं बताया।



इस पर फैसला अभी आना है। पर इन टिप्पणियों से ईवीएम पर न्यायालय के रु ख का पता चलता है। स्वदेश निर्मित ईवीएम मशीन से चुनाव बीसवीं सदी के नौवें दशक से ही कराया जा रहा है। इसके पहले, 1982 में केरल की परवूर विधानसभा उपचुनाव में उसे कुछ बूथों पर आजमाया गया था। इसकी खामियों को दुरु स्त कर इसे प्रयोग-सक्षम बनाया गया। ईवीएम के जरिए यूपीए ने दो आम चुनाव जीते हैं और केंद्र में उनकी दो सरकारें बनी हैं। इसके पहले एनडीए की भी सरकार बनी है।

विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के चुनाव ईवीएम से ही हुए हैं। इसके बावजूद हारे हुए दल या गठबंधन हर आम चुनाव के वक्त ईवीएम को हटाने या उसे वीवीपीएटी से लैस करने की मांग चुनाव आयोग से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक करते रहे हैं। आयोग की तरफ से हर चुनाव के पहले उनके समक्ष ईवीएम के फूलप्रूफ डेमो के जरिए चिंताओं के निराकरण के बावजूद सवाल उठाते रहना एक रस्मी कवायद है। उनका आरोप होता है कि इसमें डाले गए वोट भाजपा को मिलते हैं।

पहले के कुछ उदाहरण इसकी तस्दीक भी करते थे पर यह तो मशीनी गड़बड़ी हो सकती थी। अब तो इसमें पर्याप्त सुधार किया गया है। तभी तो सर्वोच्च न्यायालय ने चार करोड़ टेस्टेड डेटा पर अपना भरोसा जताया है। यह सही भी है। ऐसा नहीं होता तो यूपीए ही लगातार जीतता होता या एनडीए का राज बदस्तूर रहता। दलों को चुनावों में इतना पैसा और पसीना नहीं बहाना पड़ता। ईवीएम अपने आका को तश्तरी में नतीजे परोस देती। न्यायालय ने रस्मी याचियों से स्पष्ट कर दिया है कि बैलेट पेपर और बक्से की झीना-झपटी वाले प्रतिगामी चुनावी दौर में भारत जैसे 'महादेश' को नहीं लौटाया जा सकता। यह जर्मनी नहीं है। अलबत्ता, इस मसले पर फिर उंगली न उठे इस लिहाजन हर वोट का हिसाब रखने के लिए ईवीएम को वीवीपीएटी के साथ जोड़ने पर विचार किया जा सकता है। अंतिम परिणाम में देरी के बावजूद। चुनाव बिल्कुल शुद्ध-पवित्र तरीके से होना चाहिए ताकि उसके जनादेश की 'गारंटी' हो। सर्वोच्च अदालत की टिप्पणी में अवाम का मत है।

---

### आज हनुमान जयंती

# हमारे भीतर हनुमान की शाश्वत उपस्थिति

हिंदू पौराणिक कथाओं में, हनुमान की छवि समय और स्थान की सीमाओं को पार करती है, भक्ति, शक्ति और वफादारी का सार प्रस्तुत करती है। एक पौराणिक चरित्र होने के बावजूद, हनुमान का महत्व प्राचीन ग्रंथों से कहीं अधिक है; उनकी शिक्षाएँ और गुण मानवता के भीतर गूंजते रहते हैं, जिससे वे प्रेरणा और मार्गदर्शन का एक कालातीत प्रतीक बन जाते हैं।

हमारे भीतर हनुमान की अमर उपस्थिति हमारे जीवन के विभिन्न पहलुओं के माध्यम से प्रकट होती है। सबसे पहले, भगवान राम के प्रति उनकी अटूट भक्ति विश्वास की शक्ति और एक उच्च उद्देश्य के लिए खुद को समर्पित करने के महत्व का प्रतीक है। प्रतिकूलता के समय में, हनुमान का उदाहरण हमें अपने विश्वासों में दृढ़ रहने और दैवीय विधान में विश्वास करने की याद दिलाता है, जो लचीलेपन और दृढ़ संकल्प के साथ जीवन की चुनौतियों का सामना करने में हमारा मार्गदर्शन करता है।

दूसरे, हनुमान की असीम शक्ति प्रत्येक व्यक्ति के भीतर छिपी क्षमता के लिए एक रूपक के रूप में कार्य करती है। जिस तरह हनुमान ने सहजता से पहाड़ों को उठा लिया और महासागरों को पार कर लिया, उसी तरह हमारे भीतर उनकी उपस्थिति हमें बाधाओं को दूर करने और असंभव दिखने वाली चीजों को हासिल करने की शक्ति देती है। उनके उदाहरण के माध्यम से, हम अपनी आंतरिक शक्ति का उपयोग करना और जीवन में अपनी वास्तविक क्षमता और उद्देश्य को साकार करते हुए अपनी सीमाओं से परे जाना सीखते हैं। इसके अलावा, हनुमान की निस्वार्थ सेवा और विनम्रता हमें दूसरों की सेवा का जीवन जीने के लिए प्रेरित करती है। मान्यता या पुरस्कार की मांग किए बिना भगवान राम की सेवा करने की उनकी इच्छा सेवा के सर्वोत्तम रूप का उदाहरण है, जो हमें करुणा, सहानुभूति और परोपकारिता का महत्व सिखाती है। स्वार्थ और महत्वाकांक्षा से प्रेरित दुनिया में, हनुमान की शिक्षाएं हमें दूसरों की सेवा करने और समाज की भलाई में योगदान देने के अंतर्निहित मूल्य की याद दिलाती हैं।

इसके अलावा, हनुमान की अपने गुरु के प्रति अटूट निष्ठा और भक्ति हमारे दिलों में गहराई से गूंजती है, जो हमें दोस्ती और साहचर्य के पवित्र बंधन की याद दिलाती है। जिस तरह हनुमान हर परीक्षा और संकट में भगवान राम के साथ खड़े रहे, उसी तरह हमारे भीतर उनकी उपस्थिति हमारे प्रियजनों के साथ गहरे संबंधों को बढ़ावा देती है और दोस्ती और सौहार्द के बंधन को मजबूत करती है। संक्षेप में, हनुमान केवल प्राचीन ग्रंथों तक सीमित एक पौराणिक चरित्र नहीं हैं; वह साहस, भक्ति और निस्वार्थता का एक कालातीत प्रतीक है जो मानवता को प्रेरित और मार्गदर्शन करता रहता है। हमारे भीतर उनकी शाश्वत उपस्थिति अंधेरे के समय में प्रकाश की किरण के रूप में कार्य करती है, हमें हमारी जन्मजात क्षमता की याद दिलाती है और हमें धार्मिकता और पूर्णता के मार्ग की ओर मार्गदर्शन करती है। जैसे ही हम अपने जीवन में हनुमान के गुणों को अपनाते हैं, हम भक्ति, शक्ति और सेवा की शाश्वत भावना को अपनाते हैं, जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए उनकी विरासत हमारे भीतर जीवित रहती है।

**वासवी राजू बर्डे**
**नागपुर, महाराष्ट्र**

---

# अलौकिक है लोकनायक हनुमान का चरित्र

**ललित गर्ग**

भारतीय संस्कृति में श्रीराम और श्रीकृष्ण की भांति हनुमानजी भी संस्कृति के आधार स्तंभ, अलौकिक देव तथा निष्ठा-भक्ति के केन्द्र हैं। आधुनिक समय में सर्वाधिक पूजे जाने वे मंगलकर्ता एवं विघ्नहर्ता हैं, प्रत्येक भारतीय के हृदय में उनकी भक्ति एवं उपासना दिनोंदिन वृद्धिंगत हो रही है। हनुमानजी भक्तों में जेष्ठ, श्रेष्ठ तथा अपूर्व हैं। उन्होंने अपनी पवित्रता, समर्पण, भक्ति से स्वयं ही देवत्व का निर्माण किया है। मानव भी उच्च ध्येय और आदर्श रखें तो देवत्व प्राप्त कर सकता है। हनुमान जयन्ती देवत्व को जागृत करने एवं भक्ति के नये कीर्तिमान स्थापित करने का प्रेरक अवसर है। इस अवसर पर हमें भी हनुमानजी की भांति हमारे मन को सुंदर, भक्तिमय, सेवा-परायण, सुगंधित, हृदय को मृदुल तथा बुद्धि को सुन्दर बनाने के लिये संकल्पित होना चाहिए।




हनुमानजी को हिन्दू देवताओं में सबसे शक्तिशाली माना गया है, वे रामायण जैसे महाग्रंथ के सह पात्र थे। वे भगवान शिव के ग्यारवें रूद्र अवतार थे जो श्रीराम की सेवा करने और उनका साथ देने त्रेता युग में अवतरित हुए थे। उनको बजरंग बलि, मारुतिनंदन, पवनपुत्र, केशरीनंदन आदि अनेकों नामों से पुकारा जाता है। उनका एक नाम वायुपुत्र भी है, उन्हें वातात्मज भी कहा गया है अर्थात् वायु से उत्पन्न होने वाला। इन्हें सात चिरंजीवियो में से एक माना जाता है। वे सभी कलाओं में सिद्धहस्त एवं माहिर थे। वीरों में वीर, बुद्धिजीवियों में सबसे विद्वान। इन्होंने अपने पराक्रम और विद्या से अनेकों कार्य चुटकीभर समय में पूर्ण कर दिए है। वे शौर्य, साहस और नेतृत्व के भी प्रतीक हैं। समर्पण एवं भक्ति उनका सर्वाधिक लोकप्रिय गुण है। रामभक्त हनुमान बल, बुद्धि और विद्या के सागर तो थे ही, अष्ट सिद्धि और नौ निधियों के दाता और ज्योतिष के भी प्रकांड विद्वान थे। वे हर युग में अपने भक्तों को अपने स्वरूप का ही नहीं बल्कि प्रभु श्रीराम का दर्शन कराते हैं और उनके दुःखों को हरते हैं। गोस्वामी तुलसीदासजी को भगवान श्रीराम के दर्शन हनुमानजी की कृपा से ही प्राप्त हुए थे। इसीलिए गोस्वामीजी ने हनुमानजी को अपना गुरु माना है तथा हनुमानजी के प्रति उनकी अपार श्रद्धा एवं भक्ति अपूर्व एवं अलौकिक थी। तुलसीदासजी ने हनुमानजी पर कई रचनायें लिखी है जैसे हनुमान चालीसा, बजरंगबाण, हनुमान बाहुक इत्यादि।

हनुमान का चरित्र एक लोकनायक का चरित्र है और उनके इसी चरित्र ने उन्हें सार्वभौमिक लोकप्रियता प्रदान की है। तैंतीस करोड़ देवी-देवताओं में मात्र हनुमान ही ऐसे हैं जिनकी आधुनिक युग में सर्वाधिक पूजा की जाती है और जन-जन के वे आस्था के केन्द्र हैं। उनके चरित्र ने जाति, धर्म और सम्प्रदाय की संकीर्ण सीमाओं को लांघ कर जन-जन को अनुप्राणित किया है। हनुमान का चरित्र बहुआयामी हैं क्योंकि उन्होंने संसार और संन्यास दोनों को जीया। वे एक महान् योगी एवं तपस्वी हैं और इससे भी आगे वे रामभक्त हैं। हनुमान-भक्ति भोगवादी मनोवृत्ति के विरुद्ध एक प्रेरणा है संयम की, पवित्रता की। यह भक्ति एक बदलाव की प्रक्रिया है। यह भक्ति प्रदर्शन नहीं, आत्मा के अभ्युदय का उपक्रम है। इससे अहं नहीं, निर्दोष शिशुभाव जागता है। क्रोध नहीं, क्षमा शोभती है। कष्टों में मन का विचलन नहीं, सहने का धैर्य रहता है।

उत्कृष्ट विलक्षणताओं के प्रतीक हनुमान पूर्ण मानव थे। त्रेतायुग के सर्वाधिक शक्तिशाली मानव हनुमान जिन्हें भ्रमवश अनेक देशी-विदेशी विद्वान पेड़ों पर उछल-कूद करनेवाला साधारण वानर मानते रहे हैं, अपने अलौकिक गुणों और आश्चर्यजनक कार्यों के बल पर कोटि-कोटि लोगों के आराध्य बन गये। भारत ही नहीं, विश्व के इतिहास में किसी ऐसे मानव का उल्लेख नहीं मिलता, जिसमें शारीरिक बल और मानसिक शक्ति का एक साथ इतना अधिक विकास हुआ हो जितना हनुमान में हुआ था। प्राचीन भारत में ब्रह्मतेज से युक्त अनेक महामानव हुए। इसी प्रकार इस पावनभूमि में ऐसे विशिष्ट व्यक्ति भी हुए जो शारीरिक बल में बहुत बलशाली थे, परन्तु ब्रह्मतेज के साथ-साथ शास्त्र-बल का जो आश्चर्यजनक योग हनुमान में प्रकट हुआ, वह अन्यत्र दिखाई नहीं पड़ता। शुद्ध आचार, विचार और व्यवहार से जुड़ी हनुमान की ऐसी अनेक चारित्रिक व्याख्याएं हैं जिनमें जीवन और दर्शन का सही दृष्टिकोण सिमटा हुआ है।

हनुमान को बुद्धिमानों में अग्रगण्य माना जाता है। ऋग्वेद में उनके लिए 'विश्ववेदसम्' शब्द का प्रयोग किया गया है। इसका अभिप्रेत अर्थ है- विद्वानों में सर्वश्रेष्ठ। हनुमान अपने युग के विद्वानों में अग्रगण्य थे। उनकी गणना सामान्य विद्वानों में नहीं, बल्कि विशिष्ट विद्वानों में की जाती थी। वाल्मीकि रामायण में हनुमान को महाबलशाली घोषित करते हुए 'बुद्धिमतां वरिष्ठं' कहना पूर्ण युक्ति संगत है। 'रामचरितमानस' में भी उनके लिए 'अतुलित बलधामं' तथा 'ज्ञानिनामग्रगण्यम' इन दोनों विशेषणों का प्रयोग द्रष्टव्य है। ब्रह्मचारी हनुमानजी महान् संगीतज्ञ और गायक भी थे। इनके मधुर गायन को सुनकर पशु-पक्षी एवं सृष्टि का कण-कण मुग्ध हो जाता था।

हनुमान की विद्वता के साथ-साथ तर्क-शक्ति अत्यंत उच्च कोटि की थी। ऐसे अनेक प्रसंग है जब हनुमान ने अपनी तर्क-शक्ति से अनेक जटिल स्थितियों को सहज बना दिया। उनकी अलौकिक साधना एवं नैसर्गिक दिव्यता का ही परिणाम था कि वे भय और आशंका से भरे वातावरण में भी निःशंक और निर्भीक बने रहते थे। संकट की घड़ी में भी शांतचित्त होकर अपने आसन्न कर्तव्य का निश्चय करना उत्तम प्रज्ञा का प्रमाण है। हनुमान इस सर्वोत्कृष्ट प्रज्ञा से युक्त थे।

प्राचीन भारत की सर्वश्रेष्ठ भाषा संस्कृत और व्याकरण पर हनुमान का असाधारण अधिकार था। हनुमान ने सूत्र, वृत्ति, वार्तिक, महाभाष्य तथा संग्रह का भली-भांति अध्ययन किया था। अन्यान्य ग्रंथों तथा छंद-शास्त्र के ज्ञान में भी उनकी समानता करनेवाला कोई नहीं था। संपूर्ण विद्याओं के ज्ञान में उनकी तुलना देवताओं के गुरु बृहस्पति से की गयी है। महर्षि अगस्त्य के अनुसार हनुमान नवों व्याकरणों के अधिकारी विद्वान थे। नोबेल पुरस्कार विजेता आक्टाभियो पाज का भी यह सुनिश्चित मत है कि हनुमान ने व्याकरण शास्त्र की रचना की थी।

मारुति नंदन, परमवीर, श्रीराम भक्त हनुमानजी की पवित्र मन से की गयी साधना और भक्ति चमत्कारपूर्ण परिणाम देने वाली है। महादेव का हनुमान के रूप में अवतरण लेने के सन्दर्भ में कहा जाता है कि भगवान विष्णु महादेव के इष्ट देव हैं। वे उनके श्रीचरणों के शाश्वत पुजारी हैं। त्रेतायुग में रावणादि राक्षसों का सकुल संहार करके उनका उद्धार करने के लिए ही भगवान विष्णु अयोध्या के महाराज दशरथ के यहां अपनी सोलह कलाओं सहित पुत्र रूप में अवतरित हुए। अतः उनकी सेवा करने के लिए महादेव ने हनुमान के रूप में अवतार लिया।

तंत्र शास्त्र के आदि देवता और प्रवर्तक भगवान शिव हैं। इस प्रकार से हनुमानजी स्वयं भी तंत्र शास्त्र के महान पंडित हैं। समस्त देवताओं में वे शाश्वत देव हैं। परम विद्वान एवं अजर-अमर देवता हैं। वे अपने भक्तों का सदैव ध्यान रखते हैं। उनकी तंत्र-साधना, वीर-साधना है। वे रुद्रावतार और बल-वीरता एवं अखंड ब्रह्मचर्य के प्रतीक हैं। अतः उनकी उपासना के लिए साधक को सदाचारी होना अनिवार्य है। उसे मिताहारी, जितेन्द्रिय होना चाहिए। हनुमान साधना करने के लिए हर व्यक्ति उसका पालन नहीं कर सकता, इसलिए इस चेतावनी का सदैव ध्यान रखना चाहिए कि हनुमानजी को सिद्ध करने का प्रयास भौतिक सुखों की प्राप्ति या चमत्कार प्रदर्शन के लिए कभी नहीं करना चाहिए। उनकी भक्ति के माध्यम से भगवान श्रीराम के दर्शन तथा उनकी कृपा प्राप्त की जा सकती है। यह भक्ति हृदय की पवित्रता से ही संभव है और इसी से व्यक्ति घर और मन्दिर दोनों में एक-सा होता है। कहा जाता है की श्री हनुमानजी का जन्म ही राम भक्ति और उनके कार्यों को पूर्ण करने के लिए हुआ है। उनकी सांस-सांस में, उनके कण-कण में और खून के कतरे-कतरे में श्रीराम बसे हैं। एक प्रसंग में विभीषण के ताना मारने पर हनुमानजी ने सीना चिरकर भरी सभा में श्रीराम और जानकी के दर्शन अपने सीने में करा दिए थे।

आज मानव जीवन जड़, भोगवादी तथा भावशून्य बनता जा रहा है। जहाँ थोड़ी बहुत धार्मिकता एवं आध्यात्मिकता है, वहाँ दम्भ तथा दिखावे का प्रदर्शन ज्यादा हो रहा है। ऐसी विषम स्थिति में मनुष्यमात्र के लिए विशेषतया युवकों और बालकों के लिए भक्त श्रेष्ठ श्री हनुमानजी की उपासना अत्यंत आवश्यक एवं महत्वपूर्ण है। क्योंकि उनके चरित्र से हमें ब्रह्मचर्य व्रतपालन, चरित्र रक्षण, समर्पण, संयम, बल, बुद्धि, विद्या इत्यादि गुणों का विकास करने की शिक्षा प्राप्त होती है। हनुमानजी अपने भक्तों को बुध्दि प्रदान करके उनकी रक्षा करतें है।

हनुमान की भक्ति या उनको पाने के लिये इंसान को इंसान बनना जरूरी है। जब तक भक्ति की धारा बाहर की ओर प्रवाहित रहेगी तब तक भगवान अलग रहेंगे और भक्त अलग रहेगा। हनुमान भक्ति के लिये जरूरी है उनके जीवन से दिशाबोध ग्रहण करो और अपने में डूबकर उसे प्राप्त करो। 'जिन खोजा तिन पाइयां गहरे पानी पैठ'- यही है सच्ची हनुमान भक्ति की भूमिका। भक्ति का असली रूप पहचानना जरूरी है, तभी मंजिल पर पहुंचेंगे, अन्यथा संसार की मरुभूमि में ही भटकते रह जायेंगे।

---

# जनता निर्णय लेगी

**अखिलेश आर्येन्द**

ताजा सर्वेक्षण बताते हैं कि इस बार के आम चुनाव में बेरोजगारी, महंगाई और विकास प्रमुख मुद्दे के रूप में हावी रहने वाले हैं। ये मुद्दे मतदाताओं के लिए अपना सांसद चुनने में काम में आएंगे।

पिछले पांच साल में देश की हालत में कितना सुधार हुआ और जनता के कल्याण के लिए केंद्र और राज्य सरकारों ने जनता की बेहतरी के लिए कितनी जिम्मेदारी से कार्य किए, यह भी मतदाताओं पर असर डालेगा। इसी तरह 2019 में एनडीए सरकार ने किन घोषणाओं या वादों को पूरा किया और कौन-सी घोषणाएं एनडीए की केंद्र और राज्यों में उसकी सरकारें पूरा करने में नाकाम रहीं, इस बार के आम चुनाव में जनता द्वारा उन सारे मुद्दों पर गौर करके मतदान करने की बात ताजा सर्वेक्षण में सामने आई है।

ताजा सर्वेक्षण के मुताबिक नौकरी और बेरोजगारी का मुद्दा लोगों के लिए सबसे अहम रहने वाला है। तमाम ऐसे लोगों की राय है कि अर्थव्यवस्था पर राज्य और केंद्र सरकार को सबसे ज्यादा गौर करने की जरूरत है क्योंकि गैर-बराबरी बढ़ी है। वहीं पर सर्वेक्षण में महिलाओं को रोजगार के अवसर कम होने की शिकायत भी है। बेरोजगारी के अलावा महंगाई का मुद्दा सबसे अहम है। रोजमर्रा की वस्तुओं में बढ़ोतरी से भी आम लोगों में खासी नाराजगी है खासकर गरीब, ग्रामीण और मजदूरी करके परिवार पालने वाले मजदूरों में। निम्न मध्यम और मध्यम वर्ग की भी महंगाई को लेकर सबसे ज्यादा शिकायत है।

उज्ज्वला और मुफ्त राशन योजना से भारत का निम्न वर्ग राहत महसूस कर रहा है। गौरतलब है कि भाजपा के नये चुनाव घोषणापत्र में गरीबों को मुफ्त राशन की योजना को अगले पांच साल और बढ़ा दिया गया है। निश्चित ही इसका असर चुनाव परिणाम में दिखाई देगा क्योंकि 2019 में निम्न और माध्यम वर्ग ने केंद्र की मुफ्त राशन योजना को पसंद किया था। आयुष्मान योजना को विस्तार देते हुए गरीबों के अलावा सत्तर साल के बुजुगरे को भी इसका लाभ देने की बात जरूर नई है, इससे करोड़ों बुजुगरे को फायदा मिलेगा। इसी तरह पिछले पांच सालों में विकास की अहमियत को 48 प्रतिशत जनता ने स्वीकार किया। सबसे दिलचस्प राय भ्रष्टाचार को लेकर लोगों में देखने को मिली। महज 8 प्रतिशत लोगों ने भ्रष्टाचार को तवज्जो दी यानी 92 प्रतिशत लोगों ने भ्रष्टाचार को कोई खास तवज्जो ही नहीं दी, जबकि दस साल पहले भ्रष्टाचार सबसे गंभीर मुद्दा हुआ करता था। उस समय देश में बेरोजगारी की दर 5 प्रतिशत के आसपास थी, लेकिन अब यह 6.8 प्रतिशत के आसपास है। पिछले चुनाव में बेरोजगारी को लेकर लोग इतने आक्रामक नहीं थे जितने आज हैं। भाजपा के सामने सबसे बड़ी चुनौती बेरोजगारी, महंगाई और लगातार कीमतों में बढ़ोतरी है। महंगाई में कुछ कमी आई है, लेकिन पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों को भी व्यावहारिक बनाना होगा।



इसी तरह करोड़ों गरीबों को शौचालय, सूर्य घर योजना से 300 यूनिट मुफ्त बिजली के अलावा स्टार्टअप के जरिए रोजगार देने की कवायद की गई। फिर भी नौकरी और बेरोजगारी का मुद्दा इस चुनाव में छा गया है, इसके पहले इस पर लोग इतने उग्र नहीं थे। इसलिए कोई भी गठबंधन सत्ता में आए उसके सामने करोड़ों युवाओं को रोजगार देने और महंगाई को कम और स्थिर बनाए रखने की चुनौती तो होगी ही।

भाजपा का घोषणापत्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जारी करते हुए कहा कि उन्हें यदि पांच साल और मिलते हैं तो वे भारत को दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था वाला देश बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे, लेकिन पिछले दस वर्षों में देश में कई स्तरों पर बदलाव आए हैं। करोड़ों नये युवा मतदाता इस बार के चुनाव में अपने मत का इस्तेमाल करेंगे। इनका भरोसा जीतना चुनौती ही है। वे रोजगार चाहते हैं, और देश को आगे बढ़ता हुआ भी देखना चाहते हैं। केंद्र में सरकार बनाने वाले गठबंधन को इन युवा मतदाओं की चाहत को हर हाल में पूरा करना ही होगा। इसी तरह महिलाएं भी सुरक्षा के साथ नौकरी भी चाहती हैं। वे आगे बढ़ना चाहती हैं और इसमें केंद्र सरकार से अपनी बेहतरी के लिए उम्मीद भी लगाए हुए हैं। इसलिए भाजपा नीत एनडीए गठबंधन और कांग्रेस का 'इंडिया' गठबंधन, दोनों ही महिलाओं के आर्थिक हालात मजबूत करने की बात अपनी चुनावी घोषणाओं में करते दिखते हैं। बेशक, देश की साख दुनिया में पहले से बेहतर हुई है। कश्मीर मुद्दा भी एक झटके में हल कर लिया गया है। मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक जैसे जघन्य कानून को खत्म कर दिया गया। अंग्रेजी शासन की गुलामी के तमाम प्रतीकों को बनाए रखने वाले कानूनों को खत्म या बदल दिया गया। यह आजादी के बाद 'मोदी है तो मुमकिन है' के तहत किया गया। इसी तरह से नई शिक्षा नीति 2019-20 में लागू की गई। इससे शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रांति के रूप में देखा गया।

इसी तरह विदेश नीति का मूल्यांकन करने वालों का मानना है कि आजादी के बाद पहली बार है जब दुनिया के तमाम विकसित देश भी भारत के सामने नतमस्तक हुए। जी-20 की अध्यक्षता, हिन्दी, उर्दू और बंगला को संयुक्त राष्ट्र संघ में प्रायोगिक भाषा के रूप में मान्यता मिलने, भारतीय भाषाओं को अंग्रेजी से ज्यादा महत्त्व दिलाने और चीन के आगे सीना तान के खड़े होने और रूस-यूक्रेन युद्ध में परोक्ष मध्यस्थता करने जैसी तमाम उपलब्धियां भारत की विदेश नीति का हिस्सा रही हैं। ये उपलब्धियां केंद्र सरकार की बेहतर और व्यावहारिक विदेश नीति का हिस्सा रही हैं। इसी तरह आतंकवाद से मुक्त भारत की छवि पहली बार पिछले दस वर्षों में दुनिया में चर्चा का विषय रही।

पौराणिक और पर्यटक स्थलों को विकसित करने पर विशेष जोर दिया गया। नये एम्स और आईआईएम जैसे संस्थानों को खोलने पर जिस तरह केंद्र सरकार ने अहमियत दी, उसका ही परिणाम है कि आज सेहत और शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति दिखाई देने लगी है। इस तरह चुनाव में महज बेरोजगारी और महंगाई के मुद्दे को विपक्ष द्वारा हवा देना न्याय संगत नहीं कहा जा सकता। फिर भी चुनाव की हलचल में कौन मुद्दे असरदायक होंगे और कौन-सी उपलब्धियों को जनता अहमियत देती है, यह तो परिणाम आने पर पता चलेगा, लेकिन जनता इस समय निर्णायक की भूमिका में है, जो निर्णय लेगी अपना अच्छा-बुरा समझ कर ही लेगी।



चैत्र पूर्णिमा पर भगवान शिव के ग्यारहवें अवतार हनुमान का जन्म हुआ था और यह दिन हनुमान जयंती के रूप में धूमधाम से मनाया जाता है। शास्त्रों के अनुसार हनुमान जयंती वर्ष में दो बार मनाई जाती है, पहली चैत्र मास की शुक्ल पूर्णिमा के दिन और दूसरी कार्तिक मास की कृष्ण चतुर्दशी को।

# मंगल को जन्मे मंगल ही करते

वाल्मीकि रामायण के अनुसान हनुमान का जन्म कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी को हुआ जबकि पुराणों में पवनसुत का जन्म चैत्र पूर्णिमा बताया गया है। वैसे अधिकांश जगहों पर चैत्र पूर्णिमा को ही मारुतिनंदन हनुमान की जयंती धूमधाम से मनाई जाती है।

स्कंदपुराण में वर्णन है कि शिव के ग्यारहवें रुद्र ही विष्णु के अवतार श्रीराम की सहायता हेतु हनुमान रूप में अवतरित हुए। भगवान शंकर ने श्री विष्णु से दास्य का वरदान प्राप्त किया था, जिसे पूर्ण करने हेतु वह अवतार लेना चाहते थे।

परंतु उनके समक्ष धर्मसंकट यह था कि जिस रावण के वध हेतु वह श्रीराम की सहायता करना चाहते थे वह उनका परम भक्त था। अपने परम भक्त के विरुद्ध राम की सहायता वह आखिर कैसे करते यह प्रश्न था। रावण ने अपने दस सिरों को अर्पित कर भगवान शंकर के दस रुद्रों को संतुष्ट कर रखा था। अतः हनुमान ग्यारहवें रुद्र के रूप में अवतरित हुए और राम के सहायक बने।

कलियुग में भक्तों के कष्टों को हरने में हनुमान समान दूसरा कोई देव नहीं है। वे जल्दी कृपा करते हैं। गोस्वामी तुलसीदास उनके बारे में लिखते हैं –

**संकट कटे मिटे सब पीरा**
**जो सुमिरै हनुमत बल बीरा।**

सभी देवताओं के पास अपनी-अपनी शक्तियां हैं। जैसे विष्णु के पास लक्ष्मी, महेश के पास पार्वती और ब्रह्मा के पास सरस्वती लेकिन हनुमान खुद की शक्ति से संचालित देव हैं। वे सर्वशक्तिशाली हैं लेकिन अपने आराध्य के प्रति पूर्ण समर्पित हैं। अपूर्व बलशाली होते हुए भी वे भक्ति की अनुपम मिसाल हैं।

उनकी भक्ति भावना से प्रसन्ना होकर श्रीराम ने ही उन्हें वरदान दिया था कि मुझसे भी ज्यादा तुम्हारे मंदिर होंगे और लोग अपने संकटों के निवारण के लिए तुम्हारी उपासना करेंगे। हनुमान भक्तों की पुकार पर तुरंत ही उनके कष्ट हरते हैं। कलियुग में हनुमान सभी तरह के कष्टों को दूर करते हैं। वे भक्तों का हर तरह से मंगल करते हैं। वेद पुराणों में हनुमानजी को अजर-अमर कहा गया है। शास्त्रों में सप्त चिरंजीवों में हनुमान, राजा बली, महामुनि व्यास, अंगद, अश्वत्थामा, कृपाचार्य और विभीषण सम्मिलित हैं। चूंकि हनुमान सदेह इस धरा पर मौजूद हैं तो उनकी उपासना किसी भी तरह से की जाए निश्चित फलदायी होती है।

### मनोकामना पूर्ण करेंगे पवनसुत

तंत्र शास्त्र के अनुसार मंगलवार के दिन हनुमान को प्रसन्ना करने के लिए कुछ उपाय सार्थक सिद्ध होते हैं। ऐसे ही कुछ उपाय-

- मंगलवार को संध्याकाल में किसी हनुमान मंदिर में जाएं और एक सरसों तेल का और शुद्ध घी का दीपक जलाएं। हनुमान चालीसा का पाठ करें।
- मंगलवार की सुबह पीपल के पेड़ के नीचे सरसों के तेल का दीया जलाएं। उसके बाद पूर्व दिशा की ओर मुख करके राम नाम का जाप करें।
- यदि शनि दोष से पीढ़ित हैं तो हनुमान चालीसा का पाठ करने पर शनिदेव व्यक्ति का बुरा नहीं करते हैं।

### हनुमान जयंती पर करें ये उपाय

- हनुमान जयंती के दिन रामायण और राम रक्षास्त्रोत का पाठ करने से आपको मानसिक और शारीरिक शक्ति मिलती है।
- हनुमान जयंती पर उन्हें सिंदूर और चमेली का तेल चढ़ाएं। ऐसा करने से शुभ समाचार प्राप्त होंगे।
- यदि व्यापार में गिरावट हो तो हनुमानजी को चोला चढ़ाने से फायदा मिलता है।
- हनुमान जयंती के दिन किसी हनुमान मंदिर की छत पर लाल झंडा लगाने से हर तरह के आकस्मिक संकट से मुक्ति मिलती है।

## इसलिए चढ़ाते हैं हनुमान जी को सिंदूर

रामायण में एक कथा प्रसिद्ध है कि हनुमानजी ने जानकी की मांग में सिंदूर लगा देख आश्चर्य से पूछा- माते, आपने यह लाल द्रव्य मस्तक पर क्यों लगाया है? माता जानकी ने हनुमान की इस उत्सुकता पर कहा, पुत्र, इसे लगाने से मेरे स्वामी की रक्षा होती है, वे दीर्घायु होते हैं और वे मुझ पर सदैव प्रसन्न रहते हैं। हनुमानजी ने यह सुना तो वे बहुत प्रसन्ना हुए और विचार किया कि जब अंगुलीभर सिंदूर से प्रभु की रक्षा होती है तो क्यों न पूरे शरीर पर सिंदूर लगाकर स्वामी को सुरक्षित कर दूं। उन्होंने वैसा ही किया। जब वे इस तरह श्रीराम के सामने पहुंचे तो प्रभु मुस्कुराए बिना न रह सके। हनुमान का विश्वास मां जानकी के वचनों में पक्का हो गया। तभी से हनुमान की भक्ति का स्मरण करते हुए उन्हें सिंदूर चढ़ाया जाने लगा।

## शनि के प्रभाव से बचाते हैं हनुमान

रामायण से विदित होता है कि लंकापति रावण के सभी भ्राता व पुत्रों की जब मृत्यु हो रही थी तो अपने अमरत्व के लिए उसने सौरमंडल के सभी ग्रहों को अपने दरबार में कैद कर लिया था। रावण की कुंडली में शनि ही एकमात्र ऐसा ग्रह था जिसकी वक्रावस्था व योगों के कारण रावण के लिए मार्केश की स्थिति उत्पन्ना हो रही थी जिसे बदलने के लिए रावण ने शनि को दरबार में उलटा लटका दिया था और यातनाएं दी थीं परंतु शनि के व्यवहारों में कोई बदलाव नहीं आया था। जब विभीषण ने हनुमान को इस बारे में में बताया तो हनुमान ने शनि को रावण की कैद से मुक्त कराया था। तभी शनिदेव ने हनुमान को वरदान दिया था कि जो भी उनकी आराधना करेगा उसे वह कष्ट नहीं पहुंचाएंगे।

# भक्तों के कष्ट हरते हैं मंगल मूर्ति मारुति नंदन पवनसुत हनुमान

हनुमान जयंती पवनपुत्र हनुमान के जन्म की प्रसंग तिथि है। हनुमान शिव के ग्यारहवें अवतार के रूप में सर्वत्र पूजनीय हैं। चूंकि शिव भी राम का स्मरण करते हैं इसलिए उनके अवतार हनुमान को भी राम नाम प्रिय है। हनुमान बल और बुद्धि के देव हैं। रामकथा उनके बिना पूरी नहीं होती। वे धर्म में इस शिक्षा के साथ हैं कि अपनी बुद्धि और बल के गर्व से दूर रहते हुए, विनम्र होकर ही संसार का आदर प्राप्त किया जा सकता है। उनका श्रद्धाभाव अतुलनीय है। मंदिरों में हनुमानजी की मूर्ति को पर्वत उठाए और राक्षस का मान मर्दन करते हुए दिखाया जाता है लेकिन राम मंदिरों में वे प्रभु चरणों में मस्तक झुकाए बैठे हैं। वे अनुपम भक्त हैं। हनुमान के संबंध में एक लोककथा है कि एक बार वे माता अंजनी को रामायण सुना रहे थे। उनकी कथा से प्रभावित माता अंजनी ने पूछा, तुम इतने शक्तिशाली हो कि तुम्हारी पूंछ के एक वार से पूरी लंका को उड़ा सकते थे, रावण को मार सकते थे और मां सीता को छुड़ाकर ला सकते हो फिर तुमने ऐसा क्यों नहीं किया? अगर तुम ऐसा करते तो युद्ध में नष्ट हुआ समय बच जाता? हनुमान विनम्रता से कहते हैं, क्योंकि राम ने कभी मुझे ऐसा करने के लिए नहीं कहा। राम के प्रति इस अगाध श्रद्धा के कारण हनुमान पूरे संसार में पूजे जाते हैं। हनुमान जयंती के दिन अगर भक्त 7 बार हनुमान चालीसा का पाठ करते हैं तो उनके कष्टों का हरण होता है। हनुमान बाण से सभी तरह के तांत्रिक रोगों का नाश होता है। राम नाम मात्र से ही वे सारे मनोरथ पूरे करते हैं।

### रामकथा सुनते हैं हनुमान

माना जाता है कि जहां रामकथा होती है वहां हनुमान कथा सुनने पहुंचते हैं। कहा गया है एक बार राजदरबार में श्रीराम ने हनुमान को अपने गले से मोती की माला उतार कर दी। हनुमान ने हर एक मोती को दांत से काटकर देखा और पूरी माला तोड़ दी। श्रीराम ने पूछा इतनी सुंदर माला तुमने दांत से काट-काटकर क्यों फेंक दी। हनुमान ने कहा कि प्रभु जिस वस्तु में आप नहीं वह मेरे किस काम की। तब श्रीराम ने पूछा, तुम्हारे हृदय में श्रीराम का निवास है? हनुमान ने हृदय चीरकर दिखाया कि उसमें राम, लक्ष्मण और सीता विद्यमान है। हनुमान को राम नाम प्रिय है। जहां भी रामकथा होती है वहां वे कथा श्रवण आते हैं।



# हर समस्या का समाधान है हनुमानजी के पास

हनुमान जी कलयुग में जीवित देवता के रूप में माने जाते हैं। हिंदू धर्म ग्रंथों के अनुसार हनुमान जी एकमात्र ऐसे देवता हैं, जो सशरीर इस पृथ्वी पर विचरण करते हैं, और अपने भक्तों की हर मनोकामना पूरी करते हैं। मान्यता है कि हनुमान जी का जन्म मंगलवार को हुआ था। इसीलिए मंगलवार के दिन उनकी पूजा का विशेष महत्व है। इसके अतिरिक्त शनिवार को भी हनुमान पूजा का विधान है। हनुमान जी को प्रसन्न करना बहुत सरल है। राह चलते उनका नाम स्मरण करने मात्र से ही सारे संकट दूर हो जाते हैं। मानव जीवन का सबसे बड़ा दुख भय है और जो साधक श्री हनुमान जी का नाम स्मरण कर लेता है वह भय से मुक्ति प्राप्त कर लेता है। हनुमान जी की उपासना से बुद्धि, यश, शौर्य, साहस और आरोग्यता में वृद्धि होती है।

### परेशानी दूर करने के अचूक उपाय

रोज हनुमान चालीसा और बजरंग बाण का पाठ करने वाले भक्तों को सभी सुख मिलते हैं और धन की प्राप्ति होती है। ऐसे लोगों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होती और उनकी किस्मत का सितारा चमक जाता है। सुंदरकांड श्रीरामचरितमानस का चौथा अध्याय है। यह श्रीरामचरितमानस का सबसे अधिक पढ़ा जाने वाला भाग है क्योंकि इसमें हनुमान जी के बल, बुद्धि, पराक्रम व शौर्य का वर्णन किया गया है। सुंदरकांड के पढ़ने व सुनने से मन में एक अद्भुत ऊर्जा का संचार होता है। सुंदरकांड के हर दोहा, चौपाई व शब्द में गहन अध्यात्म छुपा है, जिससे मनुष्य जीवन की हर समस्या का सामना कर सकता है। विवाहित स्त्रियां अपने पति या स्वामी की लंबी उम्र के लिए मांग में सिंदूर लगाती हैं, ठीक उसी प्रकार हनुमानजी भी अपने स्वामी श्रीराम के लिए पूरे शरीर पर सिंदूर लगाते हैं। इसलिए मंगलवार को हनुमान जी के मंदिर में जाकर उन्हें सिंदूर व चमेली का तेल अर्पित करें। आपकी मनोकामनाएं जरूर पूरीं होगीं।

# राशिनुसार हनुमान जयंती पर करें ये उपाय

इस दिन विशेष रूप से की गई हनुमान साधना रोग, शोक व दुखों को मिटाकर विशिष्ट फल देती है। पूर्णिमा को एकादश रुद्रावतार हनुमान जी का जन्म हुआ था। ज्योतिषशास्त्र के अनुसार सूर्य, शनि व राहु के दोषों के निवारण हेतु हनुमान आराधना विशेष मानी जाती है। चैत्र मास की पूर्णिमा पर हस्त नक्षत्र मिलने पर हनुमान जयंती का आध्यात्मिक प्रभाव बढ़ जाता है। इस दिन विशेष रूप से की गई हनुमान साधना रोग, शोक व दुखों को मिटाकर विशिष्ट फल देती है। शास्त्रानुसार चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को एकादश रुद्रावतार हनुमान जी का जन्म हुआ था। पंचांग के अनुसार हनुमान जी का जन्म पुर्णिमा तिथि और हस्त नक्षत्र के संयोग में हुआ था।

हनुमान जयंती पर करें राशिनुसार उपाय –

मेष राशि – एकमुखी हनुमंत कवच का पाठ करें तथा हनुमान जी पर बूंदी चढ़ाकर गरीब बच्चों में बाटें।

वृष – रामचरितमानस के सुंदर-काण्ड का पाठ करें तथा हनुमानजी पर मीठा रोट चढ़ाकर बंदरों को खिलाएं।

मिथुन – रामचरितमानस के अरण्य-काण्ड का पाठ करें तथा हनुमानजी पर पान चढ़ाकर गाय को खिलाएं।

कर्क – पंचमुखी हनुमंत कवच का पाठ करें तथा हनुमानजी पर पीले फूल चढ़ाकर जलप्रवाह करें।

सिंह – रामचरितमानस के बाल-काण्ड पाठ करें तथा हनुमानजी पर गुड़ की रोटी चढ़ाकर भिखारी को खिलाएं।

कन्या – रामचरितमानस के लंका-काण्ड का पाठ करें तथा हनुमान मंदिर में शुद्ध घी के 6 दीपक जलाएं।

तुला – रामचरितमानस के बाल-काण्ड का पाठ करें तथा हनुमानजी पर खीर चढ़ाकर गरीब बच्चों में बाटें।

वृश्चिक – हनुमान अष्टक का पाठ करें तथा हनुमानजी पर गुड़ वाले चावल चढ़ाकर गाय को खिलाएं।

धनु – रामचरितमानस के अयोध्या-काण्ड का पाठ करें तथा हनुमानजी पर शहद चढ़ाकर खुद प्रसाद रूप में खाएं।

मकर – रामचरितमानस के किष्किन्धा-काण्ड का पाठ करें तथा हनुमानजी पर मसूर चढ़ाकर मछलियों को डालें।

कुंभ – रामचरितमानस के उत्तर-काण्ड का पाठ करें तथा हनुमानजी पर मीठी रोटियां चढ़ाकर भैसों को खिलाएं।

मीन – हनुमंत बाहुक का पाठ करें तथा हनुमानजी के मंदिर में लाल रंग की ध्वजा या पताका चढ़ाएं।



## हनुमान जयंती पर बन रहे विशेष योग

इस वर्ष हनुमान जयंती चैत्र शुक्ल पक्ष पूर्णिमा 11 अप्रैल मंगलवार को विशेष योग बन रहे हैं। चार साल बाद संकट मोचन की जयंती चंद्रग्रहण से मुक्त और 3 साल बाद मंगलवार के दिन मनेगी। ज्योतिषाचार्य के अनुसार हनुमान जयंती में राज योग के साथ ही शुक्र मीन राशि में उच्च का हो गए हैं जिसकी सूर्य के साथ युति रहेगी। द्वितीय स्थान पर मेष राशि का मंगल शुभ फलदायी रहेगा। विशेष योग होने के कारण हनुमान जयंती भक्तों के लिए विशेष फलदायी रहेगी। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार 2013 से लगातार हनुमान जयंती पर चंद्रग्रहण के योग बन रहे थे लेकिन इस बार चंद्रग्रहण से मुक्त रहेगी। इससे पूजा-अर्चना और आराधना में कोई संकट नहीं आएगा। विशेष संयोगों के कारण इस दिन हनुमानजी की आराधना से श्रद्धालुओं की मनोकामना शीघ्र पूर्ण होगी। ज्योतिषशास्त्र के अनुसार सूर्य,मंगल शनि राहु के दोषों के निवारण हेतु हनुमान आराधना विशेष मानी जाती है। पूर्णिमा पर चित्रा नक्षत्र और राजयोग मिलने पर जयंती का आध्यात्मिक प्रभाव बढ़ गया है।

## हनुमानजी की यह स्तुति करती है हर समस्या का निदान

हनुमानजी को बजरंगबली, पवनसुत, मारुतिनंदन, केसरीनंदन इस तरह के कई नामों से उनकी स्तुति की जाती है। श्री हनुमान जी की स्तुति जिसमें उनके बारह नामों का उल्लेख मिलता है। इन नामों के जप से भक्तों को सभी प्रकार के कष्टों से मुक्ति मिलती है। आनंद रामायण 8/3/8-11 में उल्लेखित यह स्तुति अगर आप मंगलवार या शनिवार को करते हैं तो आपको इसका फल और भी जल्दी मिलने की संभावना रहती है।

**दोहा**

उर प्रतीति दृढ़, सरन ह्वै, पाठ करै धरि ध्यान।
बाधा सब हर, करैं सब काम सफल हनुमान॥

**स्तुति**

हनुमान अंजनी सूत् र्वायु पुत्रो महाबलः।
रामेष्टः फाल्गुनसखा पिङ्गाक्षोऽमित विक्रमः॥
उदधिक्रमणश्चैव सीता शोकविनाशनः।
लक्ष्मणप्राणदाता च दशग्रीवस्य दर्पहा॥
एवं द्वादश नामानि कपीन्द्रस्य महात्मनः।
सायंकाले प्रबोधे च यात्राकाले च यः पठेत॥
तस्य सर्वभयं नास्ति रणे च विजयी भवेत।

# कांग्रेस कहती है कि संसाधन पर सबसे पहला अधिकार अल्पसंख्यक का है, हम कहते हैं कि पहला हक गरीब, आदिवासी, दलित का है : अमित शाह

**रायपुर/कांकेर (समय दर्शन)।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का प्रचार अपने चरम पर है। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता अमित शाह रोड शो और जनसभाओं के माध्यम से लगातार जनता से संपर्क करने में जुटे हुए हैं। इसी सिलसिले में छत्तीसगढ़ में विपक्ष को निशाने पर लेते हुए शाह ने कांग्रेस के तुष्टिकरण पर आधारित बयान को याद दिलाया। दरअसल, साल 2006 में मनमोहन सिंह ने बयान दिया था कि, देश के संसाधनों पर सबसे पहला हक अल्पसंख्यकों का है। सबका साथ, सबका विकास को ध्यान में रखकर काम करने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और अंत्योदय की राजनीति करने वाले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने यह साबित किया है कि देश के संसाधनों पर सबसे पहला हक गरीब, आदिवासी, दलित और महिलाओं का है।

आजादी के बाद दशकों तक देश पर कांग्रेस की चार पीढ़ियों ने राज किया। तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति के कारण कांग्रेस ने कभी भी गरीबों, किसानों, आदिवासियों, दलितों और महिलाओं के उत्थान के लिए कोई काम नहीं किया। कांग्रेस ने हमेशा आदिवासी बहुल छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना का विरोध किया। दूरबीन लगाकर भी यह नहीं दिख रहा कि इंडी अलायंस सत्ता में आने वाली है, लेकिन सत्ता मिलने से पहले ही राँची में इंडी गठबंधन के कांग्रेस और आरजेडी के बीच हाथापाई का नजारा सामने आया है। यह बताता है कि सत्ता मिलने से पहले जिस इंडी अलायंस में लाठियाँ चल रही हैं, वे देश



की एकता को बनाकर नहीं रख सकते हैं। हम सभी जानते हैं कि नॉर्थ ईस्ट हो, कश्मीर हो या नक्सल प्रभावित क्षेत्र हो, अमृतकाल में पूरे देश को एकजुट करने का काम हुआ है।

अभी हाल ही में, कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में सभी की संपत्ति का सर्वे करवाने का जिक्र किया है। जिस पार्टी की नजर देश भर के मठ और मंदिरों की संपत्ति पर है, उसके बारे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि वह संपत्ति कहाँ जाएगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक इस वक्त देश के 60 करोड़ गरीबों के 5 लाख रुपये तक का खर्च मोदी सरकार उठा रही है। साथ में, यह भी कहा जा रहा है कि मोदी 3.0 बनते ही देश के सभी वरिष्ठ नागरिकों के 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य का खर्च देश का बेटा नरेन्द्र मोदी उठाएंगे। देश की जनता ने देखा है कि बीते 10 वर्षों में मोदी सरकार ने जल, जंगल और जमीन के साथ आदिवासियों को सुरक्षा, सम्मान और समावेशी विकास देने का काम किया है।

आज छत्तीसगढ़ का चप्पा-चप्पा भगवा रंग में रंगा हुआ है। मोदी की लहर और शाह की चाणक्य नीतियों के दम पर देश भर में भाजपा का कद बढ़ा है। 2024 लोकसभा चुनाव में 400 पार के साथ लगातार तीसरी बार मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए खुद शाह मैदान में उतर चुके हैं। भारतीय राजनीति की दशा और दिशा को बदल कर रख देने वाले अमित शाह का ट्रैक रिकॉर्ड रहा है कि उनकी चुनावी तैयारियों से विपक्ष वाले मैदान में उतरने से पहले ही हार स्वीकार कर लेते हैं। ऐसे में यह मान लेना चाहिए कि मोदी 'मैजिक' और शाह 'फैक्टर' के साथ एक बार फिर कमल खिलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान में बारिश का कहर, 87 लोगों की मौत, 80 से ज्यादा घायल

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने बताया कि पिछले सप्ताह पाकिस्तान में बारिश के कारण हुई अलग-अलग घटनाओं में कम से कम 87 लोग मारे गए और 82 अन्य घायल हुए हैं। जबकि देश के कुछ हिस्सों में भारी बारिश का कहर जारी है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, एनडीएमए ने बताया कि बारिश ने देश भर में 2,715 घरों को आंशिक या पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया है। ज्यादातर लोगों की मौत इमारत या घरों के ढांचे ढहने, बिजली गिरने और बाढ़ से संबंधित घटनाओं में हुई है। एनडीएमए के अनुसार, देश के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सबसे अधिक नुकसान और हताहत हुए हैं। यहां मूसलाधार बारिश के कारण 36 लोगों की जान चली गई और 53 अन्य घायल हो गए। इसके बाद पूर्वी पंजाब प्रांत में 25 लोगों की मौत और आठ लोगों के घायल होने की सूचना है। एनडीएमए ने कहा कि दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में कुल 15 लोगों की मौत हुई है और 10 अन्य घायल हुए हैं। जबकि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में भारी बारिश के कारण 11 लोगों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हाल की भारी बारिश के कारण कीमती जान-माल के नुकसान पर गहरा दुख व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने संबंधित विभागों को प्रभावित क्षेत्रों में राहत गतिविधियों में तेजी लाने और बारिश तथा भूस्खलन के कारण बंद हुई सड़कों को खोलने के काम में तेजी लाने को कहा।

### बगदाद के पास दो इराकी सैन्य ठिकानों पर बमबारी

**बगदाद, एजेंसी।** बगदाद के दक्षिण में बाबिल प्रांत में शनिवार आधी रात के बाद अज्ञात विमान से दो इराकी सैन्य ठिकानों पर बमबारी की गई। गृह मंत्रालय के एक सूत्र ने मीडिया को बताया, हवाई हमले ड्रोन से किए गए। बाबिल प्रांत के उत्तरी हिस्से में महाविल क्षेत्र में इराकी अर्धसैनिक हशद शाबी बलों से संबंधित दो ठिकानों को निशाना बनाया गया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने एक सूत्र के हवाले से बताया कि दो लक्षित ठिकानों में से एक अर्धसैनिक बलों का गोला-बारूद का गोदाम था और दूसरा उनका टैंक मुख्यालय था। सूत्र ने यह भी कहा कि बगदाद से लगभग 30 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में स्थित मडेन इलाके में विस्फोटों की आवाज सुनी गई, लेकिन विस्फोटों के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं है।

### रूस पर नये प्रतिबंध लगाने की तैयारी में यूरोपीय संघ

**ब्रूसेल्स, एजेंसी।** यूरोपीय संघ यूक्रेन के खिलाफ पूर्ण युद्ध छेड़ने के लिए रूस के खिलाफ 14वें दौर के प्रतिबंधों की तैयारी कर रहा है। संगठन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यूरोपीय संघ के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि नए प्रतिबंध पैकेज में उन व्यक्तियों और संगठनों पर दंडात्मक उपाय शामिल हैं जो रूस पर मौजूदा यूरोपीय संघ के प्रतिबंधों को रोकने के प्रयासों में सहायता करते हैं। यूरोपीय संघ के एक राजनयिक ने कहा कि दंडात्मक उपायों में तेल टैंकरों या अंधेरे बेड़े पर विचार किया जाना चाहिए जो इसमें बाधा डालने के लिए मौजूदा प्रतिबंधों के बावजूद रूसी तेल का परिवहन करते हैं। राजनयिकों के अनुसार, नए व्यक्तियों और संगठनों पर ब्लॉक में उनकी संपत्तियों पर रोक लगाई जाएगी। यूरोपीय आयोग को आने वाले सप्ताह में प्रतिबंधों के लिए प्रस्ताव पेश करना है। रूस पर प्रतिबंधों का 13वां पैकेज फरवरी में यूक्रेन के खिलाफ युद्ध की दूसरी वर्षगांठ पर अपनाया गया था और इसमें 106 व्यक्तियों और 88 संगठनों को निशाना बनाया गया था।इसमें उत्तर कोरिया द्वारा रूस को हथियारों की आपूर्ति में शामिल व्यक्ति और उत्तर कोरियाई रक्षा मंत्री शामिल थे।यूक्रेन के खिलाफ रूसी युद्ध में योगदान देने वाले अर्थव्यवस्था के विभिन्न वर्गों को लक्षित करते हुए रूस पर यूरोपीय संघ के कई दौर के प्रतिबंध लगाए गए हैं।इनमें कच्चे तेल, कोयला, इस्पात, सोना और विलासिता की वस्तुओं पर आयात प्रतिबंध के साथ-साथ बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों के खिलाफ दंडात्मक उपाय भी शामिल हैं।

# कोर्ट के अंदर ट्रंप की चल रही थी सुनवाई, बाहर शख्स ने खुद को लगा ली आग

**वॉशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिका के मैनहट्टन अदालत के बाहर उस समय अफरा- तफरी मच गई, जब एक शख्स ने तेल छिड़ककर खुद को आग लगा ली। जिस समय शख्स ने खुद को आग लगाई, उसी समय अदालत के अंदर पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मुकदमे पर सुनवाई चल रही थी। हालांकि, सवाल उठता है कि आखिर खुद को आग लगाने वाला शख्स कौन हैं और उसने इस भयावह घटना को क्यों अंजाम दिया

न्यूयॉर्क के पुलिस विभाग (एनवाईपीडी) के प्रमुख जेफरी मैड्रे ने बताया कि मैक्सवेल अजारेलो नाम का शख्स पहले पार्क गया। वहां उसने कुछ पर्चे बांटे और बाद में खुद को आग लगा ली। फिलहाल वह कॉर्नेल विश्वविद्यालय की बर्न यूनिट में गंभीर स्थिति में है।

फ्लोरिडा के सेंट ऑगस्टीन में रहने वाला अजारेलो खुद को एक खोजी शोधकर्ता बताता है। एक रिपोर्ट में पुलिस का हवाला देते हुए बताया कि शख्स की उम्र करीब 20 साल है और दिखने में बेघर लग रहा था।

एनवाईपीडी के जासूसों के प्रमुख जो केनी ने बताया कि अजारेलो सप्ताह की शुरुआत में न्यूयॉर्क शहर आया और उसने घटना के बारे में प्रचार किया। यहां तक कि खुद को आग लगाने से पहले वो शांत था। केनी ने बताया कि शख्स के





परिवार को घटना के बारे में जानकारी दे दी है। जेफरी मैड्रे ने चिंता जताते हुए कहा कि शख्स ने किसी सुरक्षा का कोई उल्लंघन नहीं किया। लेकिन हम बहुत चिंतित है। उन्होंने आश्वासन दिया कि आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए योजनाएं मौजूद हैं। एनवाईपीडी के जन सूचना उपायुक्त तारिक शेपर्ड ने कहा कि किसी को नहीं पता था कि यह व्यक्ति खुद को आग लगाने जा रहा है। फिलहाल शख्स के खुद को आग लगाने की वजह साफ नहीं हो पाई है। कानून प्रवर्तन सूत्रों से पता चला है कि वह एक प्रदर्शनकारी समूह का हिस्सा है। यहां तक कि उसके विरोध के पीछे का मकसद भी अभी नहीं पता है। यह रहस्य बना हुआ है।

जब शख्स ने खुद को आग लगाई थी तो उसने कुछ पर्चों को हवा में उछाला था। उनमें से एक का शीर्षक था- दुनिया का सच्चा इतिहास। वहीं एक अन्य पर्चे में लिखा था कि एनवाईयू एक भीड़ का मोर्चा है। इसके अलावा, सड़क पर पड़े एक पर्चे में लिखा था- मैंने ट्रंप के ट्रायल के दौरान बाहर खुद को आग लगा ली है। न्यूयॉर्क सिटी अग्निशमन विभाग ने पुष्टि की कि व्यक्ति को दोपहर एक बजकर 41 मिनट पर गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। इस घटना के दौरान मीडिया कर्मियों के सामने समस्या खड़ी हो गई, क्योंकि कैमरे के सामने व्यक्ति ने आग लगाई थी और यह गंभीर मसला था, लेकिन नैतिकता के आधार पर जलते हुए व्यक्ति का वीडियो फुटेज नहीं दिखाया जा सकता था। पत्रकारों ने लाइव प्रसारण के दौरान कहा हमारे पास एक आदमी है जिसने खुद को आग लगा ली है, हमारे कैमरे अभी घूम रहे हैं और एक आदमी ने अब अदालत के बाहर खुद को आग लगा ली है। आप जलते हुए मांस की गंध महसूस कर सकते हैं।

फुटेज में देखा जा सकता है कि व्यक्ति के खुद को आग लगाते ही आसपास खड़े लोग अग्निशामक यंत्रों से आग बुझाने की कोशिश कर रहे। वहीं, एक मीडिया रिपोर्ट में बताया गया कि शख्स ने पहले ट्रंप समर्थक प्रदर्शनकारियों से संपर्क किया था। इसके अलावा, एक वीडियो फुटेज में आग की लपटों में घिरा हुआ दिखाया गया। कई प्रत्यक्षदर्शियों ने घटना को बताया कि कैसे चमकीले नारंगी रंग की लपटों में जलते हुए व्यक्ति को देखकर आसपास खड़े लोग चिल्लाने लगे। एक ने कहा, मैं जले हुए मांस की गंध महसूस कर सकता हूं और आग देख सकता हूं। बता दें, घटना मैनहट्टन कोर्टहाउस से सटे कलेक्ट पॉन्ड पार्क के पास की है। अदालत में ट्रप के आपराधिक मुकदमे के लिए जूरी का चयन चल रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आत्मदाह की घटना के बाद ट्रंप समर्थकों ने इलाके को तुरंत खाली कर दिया। आग बुझने के बाद भी धुआं उठता रहा। राख और मलबे के अवशेष सड़क पर फैले रहे।

# हमले के पीछे इस्राइल के होने के सबूत नहीं, ईरानी विदेश मंत्री बोले- जांच में कुछ मिला तो छोड़ेंगे नहीं


**तेहरान, एजेंसी।**
ईरान के विदेश मंत्री ने शुक्रवार को कहा कि ईरान पर हुए हमले की जांच चल रही है। उन्होंने कहा कि अभी तक इस हमले के पीछे इस्राइल का हाथ होने के सबूत नहीं मिले हैं। ईरानी विदेश मंत्री ने धमकी देते हुए कहा कि अगर इस्राइल ने ईरान पर हमले की कोशिश की तो ईरान तुरंत और मुंहतोड़ जवाब देगा। वहीं इस्राइल की तरफ से इस बारे में कोई बयान नहीं दिया गया है। ईरान में शुक्रवार को सुनी गई धमाकों की आवाज बता दें कि शुक्रवार को ईरान के शहर इस्फहान में हमले की खबरें मीडिया में छाई रहीं थी। अब इसे लेकर ईरान के विदेश मंत्री हुसैन अमीराब्दोल्लाहियन ने बयान जारी किया है। उन्होंने बताया कि ईरान के भीतर से ही कुछ ड्रोन्स उड़े थे, जिन्हें कुछ मीटर उड़ान भरने के बाद ही मार गिराया गया था। अमीराब्दोल्लाहियन ने कहा कि वो ड्रोन्स बच्चों के खिलौनों जैसे थे, जिनसे हमारे बच्चे खेलते हैं।

ईरानी विदेश मंत्री ने कहा कि यह अभी तक साबित नहीं हुआ है कि इस हमले के पीछे इस्राइल का हाथ था। अभी मामले की जांच चल रही है, लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स में जो कहा जा रहा है, वह सही नहीं है। ईरान में शुक्रवार को धमाकों की आवाज सुनी गई थी। ईरानी अधिकारियों का कहना है कि हवाई सुरक्षा सिस्टम ने तीन ड्रोन्स को निशाना बनाया था, जिससे धमाके की आवाज सुनी गई। ईरान अधिकारियों का कहना है कि कुछ उग्रवादियों ने ये ड्रोन्स उड़ाए हो सकते हैं।

### ईरान की इस्राइल को धमकी

ईरान के विदेश मंत्री ने इस्राइल को धमकी देते हुए कहा कि अगर इस्राइल फिर से कोई गड़बड़ी करता है या कुछ ऐसा करता है, जो ईरान के हित में नहीं है तो हम उसका मुंहतोड़ जवाब देंगे। शुक्रवार को ईरान के किसी रणनीतिक ठिकाने पर हमले की कोई जानकारी नहीं है और न ही ईरान को कोई नुकसान हुआ है। इस्राइल की तरफ से अभी तक कोई बयान नहीं दिया गया है। वहीं अमेरिका ने भी किसी हमले में शामिल होने से इनकार किया है।

# अमेरिका में भारतीय छात्र की मौत, ब्लू व्हेल गेम से जुड़ी होने की संभावना



**वाशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिका में प्रथम वर्ष के एक छात्र ने एक गेम खेलते-खेलते अपनी जान दे दी। घटना मार्च की बताई जा रही है। ऐसी आशंका है कि मौत के इस मामले के पीछे ब्लू व्हेल चैलेंज ऑनलाइन गेम था, जिसे सुसाइड गेम भी कहा जाता है।

20 वर्षीय मैसाचुसेट्स विश्वविद्यालय में प्रथम वर्ष का छात्र 8 मार्च को मृत मिला था। ब्रिस्टल काउंटी डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी के प्रवक्ता ग्रेग मिलियोट का कहना है कि मामले की जांच आत्महत्या के एंगल से की जा रही है।

रिपोर्ट के अनुसार, शुरू में कहा जा रहा था कि छात्र की हत्या की गई है। छात्र को लूटा गया और फिर हत्या कर उसके शव को जंगल में फेंक दिया गया। छात्र का शव जंगल में कार में मिला था। बोस्टन ग्लोब अखबार ने बाद में छात्र की पहचान उसके नाम से की।

हालांकि, परिवार की इच्छा को देखते हुए आईएएनएस नाम नहीं बता रहा है। लेकिन दुनिया भर में नाबालिगों और युवाओं को शिकार बनाने के लिए जाने जाने वाले इस खतरनाक गेम को खेलते समय, भारत और विदेश में भारतीय छात्रों और नाबालिगों और अभिभावकों के लिए एक सतर्क घटना के रूप में रिपोर्ट किए जाने की जरूरत है।

ब्लू व्हेल चैलेंज एक ऑनलाइन गेम है, जिसमें प्रतिभागियों (पार्टिसिपेंट) को एक चैलेंज दिया जाता है। इस गेम में 50 स्टेप्स हैं, जो धीरे-धीरे कठिन होते जाते हैं।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, चैलेंज के तौर पर छात्र ने दो मिनट तक सांसें रोक कर रखीं। भारत के लिए ब्लू व्हेल चुनौती से मौत की यह पहली घटना हो सकती है।

भारत सरकार कई साल पहले ब्लू व्हेल चैलेंज पर प्रतिबंध लगाना चाहती थी, लेकिन इसके बजाय एक एडवाइजरी जारी कर छोड़ दिया गया।

भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने गेम के शुरू होने के एक साल बाद 2017 में जारी एक एडवाइजरी में कहा, ब्लू व्हेल गेम (सुसाइड गेम) आत्महत्या के लिए उकसाने वाला है। इसलिए इससे दूर रहें।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह गेम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर खेला जाता है। इसमें एक एडमिनिस्ट्रेटर और पार्टिसिपेंट शामिल होता है। एडमिनिस्ट्रेटर 50 दिन की अवधि के दौरान प्रतिदिन एक कार्य सौंपता है। शुरुआत में ये कार्य सरल होते हैं, लेकिन अंतिम चरण में खुद को नुकसान पहुंचाने के साथ वे काफी कठिन होते जाते हैं। गौरतलब है कि 2015 से 2017 के बीच रूस में ब्लू व्हेल चैलेंज से कई मौतें हुई थीं।

# विश्व में अपने दुष्प्रचार अभियान को तेज करेगा चीन, गठित की इन्फार्मेशन फोर्स: चिनफिंग

**बीजिंग , एजेंसी।**
चीन में राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने शुक्रवार को इन्फार्मेशन सपोर्ट फोर्स (आइएसएफ) के गठन की घोषणा की। यह फोर्स चीन की सेना-पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की एक शाखा होगी। चिनफिंग ने कहा है कि यह फोर्स पीएलए की रणनीतिक शाखा होगी और यह विश्व की सबसे बड़ी सेना के एक स्तम्भ की तरह कार्य करेगी।

जाहिर है कि इस फोर्स के जरिये चीन विश्व में अपने दुष्प्रचार अभियान को तेज करेगा और यह फोर्स उसके प्रचार युद्ध में मुख्य भूमिका अदा करेगी। राष्ट्रपति चिनफिंग के पास चीन के केंद्रीय सैन्य आयोग के प्रमुख का पद भी है। इसके चलते वह चीनी सेना के सर्वोच्च कमांडर हैं। इस नई फोर्स का गठन सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के एक निर्णय के तहत हुआ है। पार्टी के महासचिव का पद भी चिनफिंग के पास है। इस लिहाज से चीन की सत्ता के तीनों सर्वोच्च पद चिनफिंग के पास हैं। आइएसएफ



के जरिये चीनी सेना अपने उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए माहौल तैयार करेगी और इसके बाद जरूरत के अनुसार कार्रवाई करेगी। उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए यह नई फोर्स स्ट्रैटेजिक सपोर्ट फोर्स (एसएसएफ) के नए संस्करण के रूप में कार्य करेगी। पीएलए की शाखा के रूप में एसएसएफ को 2015 में गठित किया गया था। चिनफिंग ने आइएसएफ के गठन की घोषणा करते हुए उसके प्रतीक वाला ध्वज फोर्स के कमांडर को सौंपा। इस मौके पर राष्ट्रपति चिनफिंग ने उम्मीद जाहिर की कि आइएसएफ पीएलए की शाखा के रूप में अपनी जिम्मेदारियों को उत्कृष्ट तरीके से निभाएगी। विदित हो कि चीन में पीएलए सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के निर्देश पर कार्य करती है और पार्टी द्वारा निर्धारित उद्देश्यों की पूर्ति करती है। कम्युनिस्ट पार्टी के प्रति निष्ठावान रहने के लिए सैनिक शपथ भी लेते हैं।

# राष्ट्रपति जरदारी के अभिभाषण पर हंगामा, संसद में लगे गो जरदारी गो के नारे; दो सांसद निलंबित

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में नई सरकार तो बन गई है, लेकिन विपक्ष लगातार इसका विरोध कर रहा है। गुरुवार को भी कुछ ऐसा ही देखने को मिला। यहां राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान सदन में जमकर हंगामा हुआ। हालांकि, अगले दिन यानी शुक्रवार को हंगामा करने के लिए दो सांसदों को निलंबित कर दिया। राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी को गुरुवार को उस समय जोरदार विरोध और नारेबाजी का सामना करना पड़ा, जब वह संसद के दोनों सदनों सीनेट और नेशनल असेंबली की संयुक्त बैठक को संबोधित कर रहे थे।अधिकारियों ने नए संसदीय वर्ष की शुरुआत के मौके पर संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान संसद में हंगामा करने के लिए दो सांसदों को निलंबित कर दिया। बता दें, प्रदर्शन किसी और ने नहीं बल्कि जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के सांसदों और सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) ने किया था। राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान कथित तौर पर अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करने के लिए नेशनल असेंबली के अध्यक्ष सरदार अयाज सादिक ने सांसद जमशेद दस्ती और मुहम्मद इकबाल खान के खिलाफ कार्रवाई की। बताया जा रहा कि हंगामा करने वालों में दर्जनों लोग शामिल थे। यह लोग राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान लगातार गो जरदारी गो का नारा लगाते रहे। हालांकि, राष्ट्रपति ने कुछ भी नहीं कहा और मुस्कुराते रहे।



नेशनल असेंबली ने शुक्रवार के सत्र में दो सांसदों के निलंबन का प्रस्ताव अध्यक्ष सादिक के सामने रखा, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। प्रस्ताव में कहा गया था कि जमशेद दस्ती और मोहम्मद इकबाल ने अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया और धमकी भरे अंदाज में अध्यक्ष के मंच पर पहुंचे, जो अस्वीकार्य है। इस पर नेशनल असेंबली के अध्यक्ष ने विधानसभा के मौजूदा सत्र से दोनों सांसदों की सदस्यता वापस लेने का आदेश दिया।

## खबर-खास

### प्रथम मतदान कर रहे युवाओं का बीजेपी कार्यकर्ताओं ने किया सम्मान



**कवर्धा (समय दर्शन)।** लोकसभा चुनाव अब कुछ दिन ही रह गया है। ऐसे में सभी दल अपनें अपनें तरीके से मतदाताओं से मुलाकात कर अपने पार्टी का पक्ष रख प्रचार प्रसार करते नजर आ रहे हैं। राजनादगांव लोकसभा में कुंडा मंडल के बीजेपी कार्यकर्ता प्रथम बार मतदान कर रहे युवाओं का टीका लगाकर एवम् नारियल भेंट कर देश हित में मतदान करने की अपील की है। कुंडा मंडल क्षेत्र के पंचधार गांव में मंडल अध्यक्ष मुकेश ठाकुर शक्ति केंद्र दामापुर प्रभारी सुमन ढीमर, बूथ अध्यक्ष दामापुर भाई नारायण साहू, उमेंद यदु, पुशू यदु, अश्वनी यदु की विशेष उपस्थिति में पहली बार मतदान कर रहे युवाओं का टीका लगाकर एवम श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। देश हित में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए लोगों से अपील करते जन संपर्क अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं।

### वन्य प्राणियों के अवैध व्यापारियों पर शिकंजा



**कवर्धा (समय दर्शन)।** वन्य प्राणी तोता का घरों में पिंजरो में बंद कर पाला जाना एक आम बात है किंतु सर्व सामान्य को यह ज्ञात होना चाहिए कि तोता एक वन्य प्राणी है जिसे वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के अंतर्गत संरक्षण प्रदान किया गया है। वन्य प्राणी तोते को वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की अनुसूची 2 में स्थान दिया गया है। तोता का शिकार करना व्यापार करना या पालना कानूनन अपराध है। वन मंडल अधिकारी शशि कुमार ने बताया कि वन्य प्राणियों के अवैध व्यापार को अंकुश लगाने वन विभाग सतत सजग रहता है। इसी क्रम में वन विभाग ने अपना गुप्तचर तंत्र भी सक्रिय कर रखा है। उन्होने बताया कि 16 अप्रैल 2024 को गुप्तचर से तोते के बच्चे का अवैध व्यापार के उद्देश्य से परिवहन होने की सूचना वन विभाग को प्राप्त हुई। वन विभाग की टीम द्वारा कवर्धा की ओर आते एक बाइक को बांधा बैरियर में रोक कर जांच पड़ताल की गई। इस दौरान पाया गया कि बोरे में 16 नग तोते के बच्चे को रखकर बेचने के उद्देश्य से कवर्धा ले जाया जा रहा है। वाहन एवं वन्य प्राणी तोते को तत्काल जप्त कर राजेंद्र वर्ल्ड सिद्ध राम निवासी गंगानगर कवर्धा जिला कबीरधाम एवं एक अन्य के विरुद्ध वन अपराध प्रकरण क्रमांक 17164/ 20 दिनांक 16.4.2024 दर्ज किया गया। प्रकरण दर्ज कर जांच की कार्यवाही की गई एवं प्रकरण में अभियुक्तों के रिमांड हेतु दिनांक 22.4.2024 को प्रकरण माननीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जिला कबीरधाम महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। प्रकरण में अन्वेषण जारी है अन्वेषण पूर्ण होने उपरांत अंतिम परिवाद माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

### पाण्डातराई पुलिस ने अपहृत नाबालिग बालक को उ.प्र. के आगरा से किया बरामद

**कवर्धा (समय दर्शन)।** प्रार्थी सुखलाल पिता घनश्याम चंद्रवंशी निवासी कुम्ही थाना पाण्डातराई द्वारा पुलिस में 19 अप्रैल 24 को अपनी नाबालिग बालक के गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। इसके बाद धारा 363 भादवि का अपराध दिनांक 19.04.2024 को पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। नाबालिग बालक से संबंधित प्रकरण गंभीर अपराध का होने से उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन पर थाना-प्रभारी पाण्डातराई निरीक्षक-जन्मेजय पाण्डेय के कुशल नेतृत्व में 16 वर्षीय अपहृत नाबालिग बालक को सकुशल दीगर राज्य उत्तरप्रदेश के जिला आगरा टेढी बगिया रामबाग से सकुशल दिनांक 20.04.2024 को बरामद किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक जन्मेजय पाण्डेय, प्रधान आरक्षक जावेद खान, आरक्षक दुर्गेश चंद्रवंशी का विशेष योगदान रहा है।


**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रिसाली, तहसील व जिला-दुर्ग ( छ.ग. )**

**सूचना-पत्र**

**क्रमांक Q. .रा. नि. 2023, रिसाली दिनांक: 22/4/2024**

**प्रति,**

आवेदक/ आवेदिका- मनटोरा साहू/स्व.मूलचंद साहू
सीमावर्ती भूमिस्वामी

1. रोसम्मा की जमीन
2. राजकुमार शर्मा
3.शविला बेगम

**विषय :-** सीमांकन/बंदोबस्त त्रुटि सुधार स्थल जांच में उपस्थित होने बाबत् ।

ग्राम रिसाली, प.ह.न. 49, रा.नि.मं. रिसाली तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं.420/8/29 रकबा 0.046 हे. न्यायालय में सीमांकन बंदोबस्त त्रुटि सुधार स्थल जांच हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। माननीय न्यायालय तहसीलदार दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक:--------------वाचक/ना. तह. 2022/ दुर्ग,दिनांक---------------के परिपालन में दिनांक 26/4/2024 को 11 से 5 बजे के बीच में सीमांकन, स्थल जांच किया जाना है, अत: दस्तावेज रजिस्ट्री बयनमा लेआऊट सहित नियत समय पर उपस्थित होवे, बाद की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी ।

मुहर

**राजस्व निरीक्षक**
**रिसाली तह. व जिला दुर्ग**


# बुजुर्ग मतदाताओं को केंद्र तक लाने आयुक्त मोनिका ने बनाई 24 टीम

### एआरओ ने देखी मतदान केंद्र की व्यवस्था

**रिसाली (समय दर्शन)।** ऐसे मतदाता जिनकी उम्र 80 पार है, उन्हे मतदान कराने पोलिंग बूथ तक लाया जाएगा। इसके लिए रिसाली निगम ने 2 दर्जन से ज्यादा आटो व ई रिक्शा की व्यवस्था की है। मतदाता रथ से मतदाताओं को केंद्र तक लाने की जिम्मेदारी 30 कर्मचारियों पर रहेगी। आयुक्त मोनिका वर्मा ने मतदाता रथ प्रभारियों की बैठक सोमवार को ली। 80 उम्र पार कर चुके मतदाताओं और दिव्यांगो की सूची उपलब्ध कराई गई। आयुक्त मोनिका वर्मा ने निर्देश दिए कि मतदाताओं की सूची के हिसाब से रूट तैयार कर पहले से मतदाताओं को सूचित करे। आयुक्त ने मतदाता रथ प्रभारियों को कड़े शब्दों में कहा



कि इस कार्य में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**केवल दिव्यांग व बुजुर्ग-** आयुक्त ने रथ के प्रभारियों से कहा है कि रथ का उपयोग केवल दिव्यांग या फिर बुजुर्गो के लिए होगा। किसी भी राजनैतिक दल के सदस्यों के कहने पर रथ का उपयोग सामान्य वर्ग के लिए न किया जाए। मोनिका वर्मा ने कहा कि रथ में सवार मतदाता केंद्र में सीधे प्रवेश कर मतदान कर लौटेंगे।

**ए आर ओ ने किया निरीक्षण-** दुर्ग ग्रामीण के ए आर ओ मुकेश रावटे ने रिसाली निगम क्षेत्र के मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। रिसाली बस्ती, आत्मानंद स्कूल, मरोदा कैंप और स्टेशन मरोदा केंद्र में बने बूथ के प्रवेश , निकाश द्वार की स्थिति को देखा। आत्मानंद स्कूल में बनाए केंद्र का कक्ष बदलने निर्देश दिए।

## भंवरपुर में विधायक ने लगाई चुनावी चौपाल...कई गांवों में किया जन संपर्क





**सरायपाली (समय दर्शन)** क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद लोकसभा चुनाव प्रचार के तहत सरायपाली विधानसभा के विभिन्न गांवों में लगातार चुनावी चौपाल लगा रही है और कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू के समर्थन में वोट मांग रही है।

इसी कड़ी में विधायक चातुरी नंद ने ग्राम भंवरपुर के बावा पारा, अघरियापारा, सौंरापारा और इंदिरा मोहल्ला में चुनावी चौपाल लगाकर ग्रामीणों से कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू को जिताने की अपील की।

विधायक चातुरी नंद ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर हर परिवार की महिला को एक लाख सालाना दिया जाएगा। कांग्रेस पार्टी जो कहती है उसे कर के दिखाती है। उन्होंने ग्रामीणों को कांग्रेस सरकार की घोषणाओं से अवगत भी कराया। विधायक ने ग्राम स्वरूपपुर, सिदारडीपा, रंगमटिया, दलदली, डोंगरीपाली में भी चुनावी चौपाल लगाया और कांग्रेस पार्टी को जिताने की अपील की।

इस दौरान कांग्रेस सेवा दल के जिलाध्यक्ष लीलाकांत पटेल, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सुरेंद्र वैष्णव, भंवरपुर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र सिदार, वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता श्रवण पटेल, डॉ नंदा, पदमलोचन पटेल, राजेश पटेल, रमेश पटेल, महेंद्र पटेल, सरपंच टप्पू लाल बरिहा, साधु राम साहू, मन सिंह बरीहा, भाई बंध बरिहा, रमेश पटेल, सूरत राम चौहान, कुंजबिहारी पटेल

युधिष्ठिर पटेल, गणपति पटेल, गिरधारी पटेल,प्रेम लाल पटेल, हरिशंकर कश्यप, परिचित जगत, डिंगरो लाल, अमर सिंह, पदुम लाल, शोभा राम सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## आगामी मतदाता जागरूकता के लिए कलेक्टर धर्मेश साहू ने तैयार किया रूपरेखा





**सारंगढ़-बिलाईगढ़ (समय दर्शन)।** कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आगामी स्वीप कार्यक्रमों के संबंध में समीक्षा बैठक लिया। कलेक्टर ने अब तक हो चुके मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों के बारे में विस्तारपूर्णक जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि स्वीप गतिविधियां कितनी प्रभावी हैं, लोगों तक उसका क्या प्रभाव पड़ा है। इस पर भी ध्यान देना होगा। हमारा अंतिम लक्ष्य मतदान के प्रतिशत को बढ़ाना है। कलेक्टर को सभी अधिकारियों ने अभी तक हुए विभागीय कार्यक्रमों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कलेक्टर ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु बीएलओ के माध्यम से समन्वय कर माइक्रो प्लानिंग करते हुए कौन-कौन व्यक्ति वोट नहीं डाला है। उनका डाटा निकाल कर उनको चिन्हित कर प्रेरित करने के लिए कहा। यह भी निगरानी करना है कि इससे मतदान कार्य कितना हो रहा है। स्वीप गतिविधियों के माध्यम से कितना प्रभाव पड़ा है, इसके बारे में स्पष्ट जानकारी मिलेगी। इसके अलावा पलायन के लिए दूसरे राज्य या जिलों में कार्यरत लोगों को चिन्हित कर उन्हें मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए कहा। बैठक में सभी जनपद सीईओ एवं सीएमओ ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा के बारे में जानकारी दिए। एसडीएम सारंगढ़ वासु जैन ने आगामी वृहद स्वीप कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी जिसमें आनलाइन शपथ पत्र, हस्ताक्षर अभियान एवं रिले रेस का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा स्वीप नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान ने आगामी सभी कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं उनके उचित प्रचार प्रसार के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ अवधेश पाणिग्राही, जिला शिक्षा अधिकारी एस एन भगत, उप संचालक समाज कल्याण विनय तिवारी, समस्त सीईओ, सीएमओ एवं अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## शहर कांग्रेस ने किया भगवान महावीर स्वामी की शोभायात्रा का स्वागत



**राजनांदगांव (समय दर्शन)।** विश्व में अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रम्हाचार्य और अपरिग्रह का मार्ग दिखाने वाले जैन समाज के 24वें तीर्थंकर श्रमण भगवान महावीर स्वामी जी के जन्म कल्याणक के अवसर पर रविवार 21 अप्रैल को सकल जैन समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जानकारी देते हुए शहर कांग्रेस महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि सकल जैन समाज द्वारा शहर में भगवान महावीर स्वामी जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में गायत्री मंदिर चौक में शोभायात्रा का आत्मीय स्वागत कर जैन समाज के लोगों को भगवान महावीर स्वामी की जयंती की बधाई दी, वहीं भगवान महावीर स्वामी को श्रीफल चढ़ाकर शहरवासियों की खुशहाली के लिए आर्शीवाद मांगा। इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर ने जैन समाज के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी जन्मोत्सव की बधाई देते हुए कहा कि भगवान महावीर एक ऐसे मार्गदर्शक थे विश्व में अहिसा, सत्य, अस्तेय, ब्रम्हाचार्य और अपरिग्रह का मार्ग जो सभी धर्मों के लोगों को मार्ग प्रशस्त है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से राजनांदगांव विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी गिरीश देवांगन, वरिष्ठ कांग्रेसी शारदा तिवारी, महापौर हेमा देशमुख, पदम कोठारी, पंकज बांधव, सुदेश देशमुख, विकास त्रिपाठी, मोहम्मद यहया, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, मोहिनी सिन्हा, शरद खंडेलवाल, अजीत जैन, मनीष साहू, राजेश चौहान, नारायण सोनी उपस्थित थे।

## दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक (85 प्लस) मतदाताओं को मतदान दिवस नि:शुल्क परिवहन सुविधा




**गरियाबंद (समय दर्शन)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक (85 प्लस) आयु वर्ग के मतदाताओं को मतदान दिवस के दिन मतदान केन्द्र पहुंचने सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देश पर प्रत्येक जनपद पंचायत में दो-दो मतदान रथ तथा प्रत्येक नगरीय निकायों में एक-एक इस प्रकार कुल 15 मतदान रथ रवाना किया जाएगा। मतदान केन्द्रवार दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों का चिन्हांकन कर लिया गया है।तथा उनके मांगे जाने पर मतदान दिवस को उनके आवास स्थल से मतदान केन्द्र तक लाने एवं मतदान पश्चात् वापस उसके आवास स्थल तक पहुंचाने नि:शुल्क परिवहन सुविधा की व्यवस्था की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल ने बताया कि जिले में 6 हजार 310 दिव्यांग मतदाता,वरिष्ठ नागरिक (85 प्लस) आयु वर्ग के 1453 मतदाता है।ऐसे मतदान केन्द्र को चिन्हांकित किया गया है।जहां इन वरिष्ठ नागरिक (85 प्लस) और दिव्यांग मतदाताओं को नि:शुल्क परिवहन सुविधा दी जाएगी। उन्होंने बताया कि उक्त वाहन को वरिष्ठ नागरिक/दिव्यांग मतदाता रथ का नाम दिया गया है। जिसका हेल्पलाईन नम्बर - 1950 है। इसके अलावा सक्षम एप्प के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। उन्होंने बताया कि दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को मतदान दिवस पर दिए जाने वाली नि:शुल्क परिवहन सुविधा के लिए उप संचालक समाज कल्याण विभाग नोडल अधिकारी बनाया गया है।मतदान केन्द्रों में दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिक (85 प्लस) के लिए रहेगी विशेष सुविधा जिले के सभी मतदान केन्द्रों में दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक (85 प्लस) के लिए विशेष इंतजाम किया गया है। मतदान केन्द्र तक पहुंचने के लिए सभी मतदान केन्द्रों में व्हील चेयर भी रखा गया है।समाज कल्याण विभाग के उप संचालक ने बताया कि आयोग के निर्देश पर यह व्यवस्था की जा रही है।दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं को मुख्य मार्ग से मतदान केन्द्र और मतदान केन्द्र से अंदर जाने के लिए व्हील चेयर व्यवस्था कर ली गई है। सभी श्रेणियों के मतदाताओं से मतदान करने की अपील जिला निर्वाचन अधिकारी गरियाबंद ने की है।


**नाम परिवर्तन**

मैं **भगवती देवी साहू** उम्र 69 वर्ष पति स्व. श्री रामभरोसा साहू जाति तेली निवासी-ग्राम सड्डू तह. व जिला रायपुर (छ.ग.), मैं शपथ पूर्वक कथन करती हूं मेरा नाम पता व सकुनत ऊपर दिये अनुसार सहीं है । मेरा जन्म दिनांक 07/04/1954 को ग्राम व पोस्ट देवरी विकासखण्ड फिंगेश्वर तह. राजिम जिला गरियाबंद (छ.ग.) में हुआ था। मेरे आधार कार्ड पेनकार्ड, मतदाता परिचय पत्र में मेरा नाम भगवती देवी साहू दर्ज है, तथा मेरे भारतीय स्टेट बैंक पासबुक एवं स्व. श्री रामभरोसा साहू के पी.पी.ओ. में नामिनी के रुप में मेरा नाम भगवती देवी दर्ज है। दोनो नाम मेरा नाम है तथा दोनो नामों से जानी व पहचानी जाती हूं। भगवती देवी एवं भगवती देवी साहू दोनो नाम एक ही व्यक्ति के होने के है संबंध में यह शपथपत्र प्रस्तुत है ।

**शपथकर्ती**



**न्यायालय तहसीलदार अहिवारा, जिला दुर्ग ( छ0ग0 )**

**// ईश्तहार //**

**रा.प्र.क्रं./202403104000006 /अ-6/2023-24**
**मौजा:- अहिवारा**
**प0ह0न0:- 05**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जगजीत कौर पति हरिचरण सिंह एवं अन्य 01 जाति सिक्ख, निवासी प्लाट नं. 05 सड़क नंबर 01 आशीष नगर (पश्चिम) रिसाली, भिलाई नगर, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा संहिता की धारा 109-110 के अंतर्गत आवेदन किया है कि मौजा अहिवारा, प.ह.न. 05, रा.नि.मं. अहिवारा, तहसील अहिवारा में स्थित भूमि खसरा नंबर 1044, 1045, 1047 कुल रकबा 3.87 एकड़ भूधारक स्व. हरदयाल सिंह गिल पिता स्व. चन्दन सिंह गिल के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है. भूधारक / सहखातेदार द्वारा अपने जीवनकाल में उक्त भूमि को आवेदक के पक्ष में पंजीकृत वसीयतनामा विलेख दिनांक 05.06.2010 को वसीयत किया गया है। भूधारक / सहखातेदार की मृत्यु दिनांक 17.04.2015 हो जाने से पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर उपरोक्त वादभूमि पर अपना नाम दर्ज करवाने हेतु इस न्यायालय में निवेदन किया गया है।

अतएवं इस आवेदन के संबंध में विधिक आपत्तियाँ / दावा रखने वाला व्यक्ति / संस्था, स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 29.04.2024 को इस न्यायालय में लिखित आवेदन कर निवेदित कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 12.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील-मुहर से जारी किया गया है।

**पेशी दिनांक:- 29.04.2024**
**जारी दिनांक :- 12.04.2024**

मुहर

**तहसीलदार**
**अहिवारा, जिला दुर्ग ( छ.ग. )**


## कलेक्टर ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने तथा मतदान केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था के संबंध में दिये निर्देश

### मतदान केन्द्र में छांव की व्यवस्था के लिए स्थानीय स्तर पर टेंट के साथ ही पत्तियों से बने इकोफ्रेंडली मंडप बनवाएं - कलेक्टर



व्यवस्था संबंधित निर्देश

**गरियाबंद (समय दर्शन)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल ने जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मतदान का प्रतिशत बढ़ाने तथा मतदान दिवस में मतदान केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के संबंध में अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिये है। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों में पेयजल,छांव,रैम्प,प्रकाश, फर्नीचर सहित अन्य बुनियादी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करे।कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि गर्मी को ध्यान में रखते हुए मतदान केन्द्रों में विशेष तौर पर व्यवस्था करने की जरूरत है,इसके लिए प्रयास करें। मतदान केन्द्र में छांव की व्यवस्था के लिए स्थानीय स्तर पर टेंट के साथ ही पत्तियों से बने इकोफ्रेंडली मंडप बनवाएं।मतदान केन्द्रों में साफ-सफाई की व्यवस्था होनी चाहिए।सभी आवश्यक व्यवस्था के लिए सभी को टीमवर्क के साथ काम करने के लिए आदेशित किया गया है।कलेक्टर ने कहा कि शिशुवती माताओं,दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों को लंबी कतार में खड़ा नहीं होना पड़े, इसके लिए उनके लिए अलग से कतार लगवाने एवं कुर्सियों की व्यवस्था निर्देश जारी किये गये है। दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्रों में रैम्प होना चाहिए तथा व्हील चेयर की व्यवस्था होनी चाहिए। दिव्यांगजन एवं बुजुर्गों की मदद के लिए एनसीसी, स्काउट गाईड,एनआरएलएम की महिलाएं मतदान केन्द्र में उपस्थित रहें।

कलेक्टर ने मतदान दलों के लिए वाहन की व्यवस्था के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि मतदान केन्द्र पहुंच मार्ग के संबंध में सभी को अवगत होना चाहिए। स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए आवश्यक दवाइयों का किट भी उपलब्ध होना चाहिए।उन्होंने मतदान दलों के भोजन व्यवस्था के संबंध में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिन ग्रामों में दिव्यांग मतदाता है, वहां दिव्यांग रथ होना चाहिए। हर गांव में प्रकाश की समुचित एवं वैकल्पिक व्यवस्था होनी चाहिए। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए मतदान केन्द्रों में ओआरएस उपलब्ध रहे।अधिकारियों के पास स्वास्थ्य अमलों का संपर्क होना चाहिए। आदर्श मतदान केन्द्र आकर्षक थीम के अनुसार बनाएं जाएंगे।

## संक्षिप्त-खबर

### पूर्व विधायक देवेन्द्र बहादुर सिंह ग्राम बिटान्गीपाली मे आयोजित हरि संकीर्तन कार्यक्रम में शामिल हुए



**बसना ( समय दर्शन )।** बसना के शरहद मे बसा ग्राम बिटांगीपाली मे धार्मिक आयोजन हरिनाम संकीर्तन से ग्राम का वातावरण भक्ति मय रंग मे रंगा हुआ है। इस कार्यक्रम मे बतौर अतिथि बसना के पूर्व विधायक राजा देवेन्द्र बहादुर सिह शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने भगवत पूजन कर क्षेत्र वालों की समृद्धि के लिए कामना करते हुए आशीर्वाद लिया । ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि,भगवत भक्ति से मन,प्राण एवं गाँव का माहौल पवित्र होता है।इस सामुहिक कार्यक्रम से गाँव में एकता और अखंडता बनी रहती है।समय समय पर इस प्रकार के आयोजन होते रहना चाहिए । हम बड भागी है कि,हरनाम संकीर्तन मे शामिल होने का सुअवसर आप सबके माध्यम से प्राप्त हुआ । आगामी 26अप्रैल को महासमुंद लोकसभा मे निर्वाचन होने जा रहा है।इस पर्व मे आप सभी बढ चडकर हिस्सा लें । महासमुन्द लोकसभा प्रत्याशी पूर्व कैबिनेट मंत्री ताम्रध्वज साहू जी के चुनाव जन सम्पर्क अभियान में पंजा छाप में बोट देने की अपील की।उन्होंने बिना किसी पर आरोप प्रत्यारोप लगाते हुए कांग्रेस पार्टी के लिए आशीर्वाद मांगा। इस दौरान उनके साथ इश्तियाक खेरानी, महेन्द्र नायक,खालिद दाशी,योगेश साव,प्रेमसाय पटेल एवं ग्रामीणजन भारी संख्या में उपस्थिति थे।

### विद्यानगर मुख्य मार्ग पर जानलेवा गड्ढा, आंख में पट्टी बांधे रहवासी



**बिलासपुर ( समय दर्शन )।** विद्यानगर शहर के प्रमुख कॉलोनी में से एक है, और इसके मुख्य मार्ग पर जस्टिस स्कूल तन्खा मेमोरियल स्पेशल स्कूल के बाद के प्लॉट को एक हफ्ते से खोदा जा रहा है। खुदाई के दौरान यातायात के लिए कोई सूचना पटल नहीं लगा है। रात के समय भी लाइट की कोई व्यवस्था नहीं की गई। मुख्य मार्ग रोड से इस गड्ढे की दूरी 3 फीट से अधिक नहीं है। प्रभावशाली नेता, नागरिक, प्रबुद्धजन इसी रोड़ से आना-जाना करते हैं पर किसी को भी दुर्घटना को आमंत्रण देने वाला यह गड्ढा दिक्कत नहीं देता। नगर पालिका निगम के अधिकारी भी इसी मार्ग से गुजरते हैं इस मार्ग के एक छोर पर सीएमडी कॉलेज और दूसरे छोर पर बुलेट गाड़ी का शोरूम है। 1 घंटे में औसतन 100 गाड़ी निकलती है पर सब की आंख पर पट्टी बंधी है।

### भाजपा नेता के घर के सामने खड़ी गाड़ी का पत्थर मारकर शीशा तोड़ा



**पाटन ( समय दर्शन )।** ग्राम तर्रा के भाजपा नेता प्रकाश चंद्राकर के घर के सामने खड़ी उसकी डस्टर चार पहिया वाहन के सामने के सीसी को बीती रात किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा तोड़ दिया गया है। बताया जा रहा है की बड़ा सा पत्थर मारकर गाड़ी का सीसी तोड़ा गया है। जानकारी के मुताबिक जिस पत्थर से सीसी तोड़ा गया है वह गाड़ी के पास ही प्रात था। प्रकाश चंद्राकर भाजपा के वरिष्ट कार्यकर्ता है साथ हु वे सांसद विजय बघेल के काफी भी माने जाते है। प्रकाश चंद्राकर ने बताया की बीती रात को करीब 11 बजे के आसपास धड़ाम से आवाज आई। लेकिन बाहर निकल के नही देखा। सुबह जब देखा तो गाड़ी का सामने का कांच टूटा हुआ था। खबर लिखे जाने तक पुलिस को सूचना नही दिया गया था।

# ग्राम लमकेनी में बूढ़ादेव राऊर महोत्सव

**बसना( समय दर्शन )।** बसना क्षेत्र के ग्राम लमकेनी में प्रत्येक तीन साल में जगत वंशीय परिवार द्वारा बूढादेव राऊर त्यौहार महापूजन का भव्य आयोजन प्राचीन समय से होता आ रहा है । यह कार्यक्रम तीन दिवसीय होता है । इस कार्यक्रम में 62 गांव परिवार के सदस्य शामिल होकर इष्टदेव पुरखा शक्ति बूढ़ादेव की पूजा, अराधना,अर्चना करते हैं। कार्यक्रम की कड़ी में शनिवार को देव आह्वान किया गया, तत्पश्चात रविवार को देहा ,कुमर्रा , पूजारीयों द्वारा बैरूआ रूपी देव शक्ति को स्तुति किया गया। प्रात:कालीन सत्र मे समुदाय व ग्रामवासी एकत्रित हो कर सैकड़ो माता बहनों की उपस्थिति में आंगदेव बूढ़ादेव को पारंपरिक गाजे बाजे के साथ नगर भ्रमण कराया गया । ग्रामी के सभी लोगों ने अपने- अपने घरों के सामने आंगन में वंदनवार सजाकर,धूप दीप, अक्षत , नारीयल भेंटकर पूजा अर्चना करते हुए स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किये । खासतौर पर इस नेंग को मातायें सफेद रंग की साड़ी पहनकर देव शक्ति की पूजा पाठ करते हैं । संध्याकाल मे जब देव अपने मुल स्थान पर विराजित होते हैं



तब गोंडीयन संस्कृति के तहत पूजा-पाठ किया गया तथा महाआरती की गई। इस आरती मे समुदाय व सभी ग्राम वासी बडी संख्या में भाग लिए। इस आयोजन के अंतिम पड़ाव मे महाभंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें हजों की संख्या मे लोगों ने बूढ़ादेव का महाप्रसाद ग्रहण किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शौकीलाल सिदार पुजारी,गनपत सिदार दैहा ,प्रेमसिंह जगत मांझी,मुकुन्द जगत मुख्य बरवा,युधिष्ठिर जगत सुत्रधार , सुरेश जगत छतरिया, श्यामलाल जगत छतरिया बीसी संचालक , बूढ़ादेव समिति अध्यक्ष शनिराम सिदार, उपाध्यक्ष संतराम सिदार,, सचिव अर्जुन जगत, सहसचिव उग्रसेन जगत, कोषाध्यक्ष गोवर्धन जगत, विशेष सहयोगी राजेश सिदार,गजपति सिदार, महामंत्री जगदीश सिदार एवं सदस्यगण में हृदय जगत, दया सिंह,बिलास सिदार,मुकुन्द जगत ,दीपक जगत ,डोलामणी सिदार,पुनीत राम जगत, निलाम्बर जगत,प्यारीलाल जगत, गोविंद पद्मलोचन ,कैलाश जगत, बैशाखु जगत, उत्तम जगत पुष्पेन्द्र जगत,पीताम्बर जैतराम , भगवानो जगत , मुकेश जगत, अमृतलाल जगत, मेघनाद जगत , जयंत जगत , हिरालाल जगत एवं सभी ग्रामीण जनों के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह जानकारी मिडिया प्रभारी दीपक जगत ने दी।

## 27 को देश के प्रख्यात सर्जन डॉक्टर संदीप दवे एवं प्रदेश का ख्याति प्राप्त हॉस्पिटल रामकृष्ण केअर की टीम अग्रवाल नर्सिंग होम बसना में

■ विशाल दूरबीन ऑपरेशन शिविर



**बसना ( समय दर्शन )।** इस विशाल ऑपरेशन शिविर जिसमे विभिन्न प्रकार के हर्निया, गॉलब्लैडर पथरी अपेंडिक्स,बच्चेदानी संबंधित, किडनी स्टोन,प्रोस्टेट, हाइड्रोसील, अंडाशय गठान, ओवेरियन सिस्ट, पॉलिप, परफोरेशन पाइल्स, फिशर ,दूरबीन द्वारा पेट की जांच, स्तन की गठान, कैंसर संबंधित ऑपरेशन का दूरबीन एवं लेजर पद्धति से भारत के प्रसिद्ध सर्जन की टीम द्वारा किया जायेगा । अग्रवाल नर्सिंग होम बसना के संचालक डॉक्टर एन के अग्रवाल ने बताया कि, 27 अप्रैल को हमने विशाल आपरेशन शिविर रखा है,, जिसमें भारत के प्रख्यात डॉक्टरों की टीम डॉ. संदीप दवे - दूरबीन पद्धति शल्य चिकित्सक (रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल, रायपुर),डॉ. सिद्धार्थ तामस्कर - जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन (रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल, रायपुर), (अग्रवाल नर्सिंग होम बसना) से डॉक्टर भारती अग्रवाल स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ शिविर का संचालन करेंगे । राशन कार्ड,आयुष्मान कार्ड एवम बीजू कार्ड के अंतर्गत उपलब्ध आपरेशन नि:शुल्क किया जायेगा एवं कुछ आपरेशन आयुष्मान के अंतर्गत नहीं है जैसे बच्चे दानी सम्बंधित ,हाइड्रोसिल, पाईल्स ,फिश्चर इत्यादि का आपरेशन बहुत कम दरों में किया जायेगा। साथ ही साथ रहना, खाना, दवाइयां सभी पॅकेज में सम्मलित है । ऑपरेशन के इच्छुक मरीज दिनांक 25अप्रैल2024को अपनी पुरानी रिपोर्ट के साथ अग्रवाल नर्सिंग होम बसना में पंजीयन कराये। एवं इस शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठायें । ज्ञात हो कि, डॉक्टर संदीप दबे एवं टीम को भारत के प्रख्यात लेप्रोस्कोपिक एवं रोबोटिक सर्जरी में विशेष ख्याति प्राप्त हैं, जो की 50000 से अधिक सफल सर्जरी का अपना कीर्तिमान रचा है । संपर्क- 7773086100=9303623130= 9039645760

## ग्राम भालूपतेरा के हनुमान मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा



■ विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने पूजन कर सर्वमंगल की कामना की

**बसना ( समय दर्शन )।** बसना क्षेत्र के ग्राम भालूपतेरा में हनुमान मंदिर मे मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह सोमवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल शामिल हुए इस दौरान उन्होंने हनुमान जी की पूजा अर्चना कर सर्वमंगल की कामना करते आशीर्वाद लिया। विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने कहा कि हनुमान जी की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा से समाज में फैली बुराइयों का नाश होता है। लोगों में आत्मविश्वास का संचार होता है।उन्होंने आगे लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए भाजपा प्रत्याशी श्रीमती रुपकुमारी चौधरी के पक्ष में मतदान करने की अपील करते मोदी सरकार के सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को विस्तार से बताये। इस अवसर पर प्रवीण कुमार भट्ट, पंकज शर्मा, विधानसभा प्रभारी अमरजीत सिंह छाबड़ा, अजयसिंग, जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, गौंटिया सोहन लाल, गौंटिया चमरु नायक, संतराम बंजारा,मयाराम राठौर, विनोद नायक, हेमलाल नायक, जयसिंग नायक, दशरथ नायक, महेश नायक, तुलाराम नायक, गजेन्द्र साहू, भागीरथी नायक, शौकीलाल नायक, रामजी चौहान, गुलाब नायक सहित ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# अर्जुन वृक्ष की बेधड़क कटाई, रोकने वाला कोई नही, पेड़ की कटाई पर्यावरण को नुकसान पहुचाया जा रहा

बलराम यादव



**पाटन ( समय दर्शन )।** पाटन विकास खण्ड के ग्राम सेलुद, गाड़ाडीह,छाटा, जामगांव (आर) जामगांव ( ?म) सहित आसपास के ग्रामो में अर्जुन (कौहा) पेड़ की धड़ल्ले से कटाई की जा रही है। वन विभाग व राजस्व विभाग खामोश है। कोई भी कार्रवाई नही होने से अवैध रूप से पेड़ो को कटाई करने वालो और परिवहन करने वालो का हौशला बढ़ता जा रहा है। इन बड़े बड़े पेड़ो को लकडियो की सप्लाई जामगांव आर,जामगांवम, गाड़ाडीह, उतई, छाटा सहित कुम्हारी व आसपास के आरामिलो को सप्लाई की जा रही है। पाटन विकास खण्ड के ग्रामो में पेड़ो की कटाई जारी है। इसके लिए कोचिया गाव गाव में जा रहे है।किसानो को पैसा का लालच देकर उनके पेड़ो को बिना शासन की अनुमति के कटाई कर रहे है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कई आरा मिलो में कच्चा लकड़ी को फाड़ने का काम किया जा रहा है। इन आरामिलो में रात और दिन लकड़ी की सप्लाई किया जाता है। गाव गाव लकड़ी कटाई के लिए कोचिया घूम रहे है। सुबह लकड़ी से भरे गाड़ियां आसानी के साथ सेलूद होते हुए आरा मिलों तक पहुंचाई जा रही है। ग्रामीणों का कहना हैं की सेलुद, गाड़ाडीह, जामगांव (आर) जामगांव ( ?म),रानितराई, एरिया में बड़े पैमाने पर पेड़ो को कटाई अवैध रूप से की जा रही है। राजस्व विभाग व वन बिभाग को इसकी जांच कर कारवाई का अधिकार है लेकिन अभी तक कार्रवाई के नाम पर महज खाना पूर्ति की गई है। इस मामले में कड़ी कारवाई की जायेगी तो बड़ी मात्रा में लकड़ी की तस्करी करने वाले बेनकाब हो सकते है।

**जिस अर्जून पेड़ की छाल से बनती है हार्ट की बीमारी की दवाई :** औषधि गुण होने की वजह से शासन ने अर्जुन (कहुआ) वृक्ष की कटाई पर प्रतिबंध लगा दिया है। बावजूद इसके दुर्ग जिले के पाटन क्षेत्र में इस पेड़ की अवैध रूप से धड़ल्ले से कटाई हो रही है। लकड़ी तस्कर बेखौफ होकर इस प्रतिबंधित पेड़ की कटाई कर अवैध परिवहन कर रहे हैं। वहीं दुर्ग वन मंडल के अंतर्गत उड़नदस्ता दल बल की कमी का रोना रोते हुए तस्करों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर पा रहा है। दुर्ग वन मंडल के अंतर्गत सैकड़ों पेड़ों की कटाई और तस्करी हो चुकी है पर उड़नदस्ता ने अभी तक केवल खानापूर्ति करने की कार्यवाही हुई है। लेकिन उन मुख्य तस्करों तक हाथ नहीं पहुंचे हैं जिनके इशारे पर इन पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलाई जा रही है। इस क्षेत्र में सक्रिय हैं तस्कर: पाटन क्षेत्र के ग्राम रानितराई, खर्रा, बेलौदी,गबदी,छाटा, फुंडा, लोहरसी, रुही, सावनी, दैमार, धौराभांठा , मटंग, सांतरा में कहुआ के पेड़ की अवैध कटाई खूब हो रही है। इन गांवों में तस्करों ने एजेंट सक्रिय कर रखा है जो कि ग्रामीणों को एक पेड़ के पीछे 1 हजार से 15 सौ रुपए थमाकर ठगते हैं। इसलिए है कहुआ की डिमांड: प्रतिबंधित पेड़ होने की वजह से आरा मिलों और प्लाई फैक्ट्री में महंगे दाम पर बिक्री करते हैं। यही वजह है कि कहुवा से बने फर्नीचर बाजार में बहुत महंगे दाम पर बिकते हैं। चिकना और लंबाई के साथ सीधा होने की वजह से इससे मनचाहे फर्नीचर तैयार कर सकते हैं। इस वजह से इसकी डिमांड ज्यादा है। जिले दुर्ग में जंगल नहीं है। भिलाई में भी वन क्षेत्र नहीं है। इसलिए फर्नीचर और प्लाई फैक्ट्री चलाने वाले लकड़ी माफिया पाटन क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों से कहुआ सहित अन्य कीमती पेड़ों को अवैध रूप से कटाई कराकर मंगाते हैं। दुर्ग जिले में सबसे ज्यादा भिलाई में फर्नीचर मार्ट संचालित हैं। यही वजह है कि ज्यादातर लकड़ी तस्कर सीमावर्ती गांवों के ग्रामीणों को झांसे में लेकर अवैध रूप से पेड़ की कटाई कर आसानी से रातों-रात पार कर देते हैं।

## पदमपुर रोड बसना बालाजी क्लिनिक में चैत्र नवरात्र पूर्णिमा पर भंडारा का आयोजन



**बसना ( समय दर्शन )।** बसना पदमपुर रोड स्थित बालाजी क्लिनिक परिसर में सोमवार चैत्र नवरात्र मास पारायण पर चैत्र पूर्णिमा को प्रतिवर्षानुसार नगर के सेवाभावी गिगराज नरेंद्र कुमार अग्रवाल के द्वारा दुर्गा पूजा में भंडारे की धूम रही। गिगराज नरेन्द्र कुमार अग्रवाल द्वारा नगरवासियों, क्षेत्र वासियों एवं राहगीरों को चिलचिलाती धूप मे खीर,पूडी,मिष्ठान्न एवं शीतल पेय वितरण कर सेवा किया गया । इस दौरान भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने भारी संख्या में भक्तों की भीड़ जुटी । माता रानी के इस भण्डारे मे महिलाओं की संख?या भी काफी अधिक रही। भंडारा देर शाम तक चला। भक्तों ने मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर जयकारे लगाते हुए प्रसाद ग्रहण किया । इस दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया था। कन्या पूजन का आयोजन: डॉ.गजानंद गिगराज अग्रवाल के परिवार के द्वारा कन्या पूजन किया गया। आए हुए सभी भक्तों और श्रद्धालुओं को बैठाकर आदरपूर्वक प्रसाद ग्रहण कराया गया। डॉ.गजानन अग्रवाल ने बताया कि, उनके परिवार के द्वारा मनोकामना सिद्धि पर समय-समय में भंडारा का आयोजन करते रहते हैं । उक्त कार्यक्रम में गिगराज अग्रवाल, नरेन्द्र अग्रवाल, डॉक्टर गजानन अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, डॉ .अरुणा अग्रवाल, महंत लखन मुनि कबीर कुटी तरेकेला , नरेश नागदेव, हर्ष अग्रवाल , सुनील गोपाल बजरंग अग्रवाल, मनोज अग्रवाल सहित सैकड़ो श्रद्धालुओं की उपस्थित रही ।


# बुलडोजर से मतदाता डरें ?

■ जिला प्रशासन शत प्रतिशत मतदान का चला रहा अभियान



**बिलासपुर ( समय दर्शन )।** एक तरफ मतदान शत प्रतिशत हो के लिए प्रशासन समाज के हर वर्ग के सहयोग से जन जागरण कार्यक्रम चला रहे हैं। दूसरी और भारतीय जनता पार्टी बिलासपुर प्रत्याशी के पक्ष में आए भाजपा के स्टार प्रचारक उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री की स्वागत रैली में दर्जनों बुलडोजर चलाकर स्वागत के नाम पर मतदाताओं में दहशत पैदा की जा रही है। पूरे प्रदेश में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के साथ बुलडोजर इस तरह जुड़ गया जिसे भाजपाई समर्थन का प्रतीक बताते हैं और जब भी मौका आता है उनके स्वागत में बुलडोजर का प्रदर्शन करते हैं। बिलासपुर में भी ऐसा ही हुआ। इस संदर्भ में जब चुनाव प्रेक्षक से पूछा गया तो उन्होंने शिकायत आने पर कार्यवाही की बात की वहीं एसडीएम से जब पूछा गया की रैली में कितने बुलडोजर की अनुमति ली गई थी तो उन्होंने जांच की बात कही। गौरतलब है कि किसी भी रैली में बुलडोजर की अनुमति ली ही नहीं जा सकती क्योंकि इसका कोई औचित्य ही नहीं लगता है कि के. चु. आ. के ढुलमुल रवैया के बाद जिला प्रशासन भी निष्पक्ष होकर चुनाव करने में भरोसा नहीं रखता।

हमारे घनिष्ठ मित्र भाई मोहन साहू को 22वे जन्म दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं




स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग ( छ.ग. ), पिन-491111 से मुद्रित कर 65/1920, परशुराम नगर प्रोफेसर कालोनी, रायपुर ( छ.ग. ) पिन- 492001 से प्रकाशित। संपादक :- दामोदर राव, फोन नं.-0771-4218364, मो. 9303404360, ईमेल- samaydarshanraipur@gmail.com, RNI: CHHHIN/2018/76878, डाक पंजीयन /रायपुर संभाग/63/2022-24